सेंसेक्स 75,939.21 ● निफ्टी 22,929.25 ● डॉलर 86.82 ₹ ● सोना 85,730 ₹ ● चांदी 1,07,000 ₹

पेज 06 राष्ट्रपति शासन : आखिर हार ही गये... पेज 08 90 लीटर नेपाली शराब के साथ...

पारा आपडेट
मैक्सिमम 27.00 | मिनीमम 12.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.44
सूर्योदय (कल) ▸ 06.22

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शनिवार 15 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 223 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

पेज 12



## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर को लेकर जिम्मेदारी से मोदी बच नहीं सकते : राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मणिपुर के बदत्तर हुए हालात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार हैं और इससे वह बच नहीं सकते हैं इसलिए देर में ही सही लेकिन उन्होंने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला किया है। श्री गांधी ने आज यहां एक बयान में कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगना इस बात का सूचक है कि श्री मोदी ने देर से सही लेकिन इस मुद्दे पर स्वीकार किया है कि 20 माह में बिगड़े मणिपुर के हालात लिए वह खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा 'मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उनकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब श्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते।'

### कांग्रेस ने दी पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने कहा 'एक ऋणी राष्ट्र के रूप में, हम अपने पुलवामा शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करते तहैं। उनके प्रति हमारा हार्दिक आभार। भारत माता के लिए उनके निस्वार्थ बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा।' श्री गांधी ने कहा 'पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।'

### जयललिता की संपत्ति वापस करने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच अवधि के उल्लंघन में अर्जित उनकी संपत्ति वापस लेने के लिए दायर एक याचिका यह कहते हुए शुक्रवार को खारिज कर दी कि उनकी (जयललिता) मृत्यु के कारण इस अदालत के समक्ष कार्यवाही समाप्त होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें मामले में बरी कर दिया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुश्री जयललिता के कानूनी वारिसों में से एक जे दीपा द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि यह विचार करने योग्य नहीं है। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में कर्नाटक उच्च न्यायालय के 13 जनवरी, 2025 के आदेश और विशेष न्यायालय के 29 जनवरी, 2025 के आदेश को चुनौती दी थी।

### कोल्हापुर में एक और जीबीएस पीड़ित मरीज की मौत

**मुंबई।** कोल्हापुर जिले के चंदवड़ में शुक्रवार को गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) पीड़ित एक महिला की मौत हो गई। इसके साथ ही राज्य में जीबीएस में मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबिटकर ने जीबीएस मरीजों के लिए आवश्यक उपाय योजना करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार चंदवड़ की रहने वाली जीबीएस पीड़ित 60 वर्षीय महिला को चार दिन पहले कोल्हापुर के छत्रपति प्रमिलाराजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन आज सुबह महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी अस्पताल के प्रमुख डॉ. शिशिर मिरगुंडे ने मीडिया को दी।

आर्ट ऑफ लिविंग का अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन

## सपनों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगायें महिलाएं : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रत्येक महिला से हिम्मती बनने, बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने के लिए पूरी ताकत तथा क्षमता का इस्तेमाल करने को कहा है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लिया।

राष्ट्रपति ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की नारी शक्ति आकांक्षा, उपलब्धि और योगदान के लिए आगे बढ़ रही है। चाहे विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो, कला हो या संस्कृति हो, हमारी बहनें और बेटियां आगे बढ़ रही हैं, अपना सिर ऊंचा कर रही हैं। वे अपने परिवार, संस्थानों और देश को गौरवान्वित कर रही हैं।



मानसिक शक्ति के बिना बाधाओं को तोड़ना और रुढ़ियों को चुनौती देना संभव नहीं है। उन्होंने हर महिला से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपने सपनों को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत और क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य की ओर उनका हर छोटा कदम, एक विकसित भारत की ओर एक कदम है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम तकनीकी व्यवधान के युग में हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति ने हमें कुछ मायनों में बेहतर जीवन स्तर दिया है। ऐसी प्रतिस्पर्धी दुनिया में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे मानवीय मूल्य बरकरार रहें। वास्तव में प्रत्येक मनुष्य को करुणा, प्रेम और एकता के मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सचेत रूप से अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। यहीं पर महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। महिलाओं में करुणा के माध्यम से नेतृत्व करने की विशेष क्षमता होती है। वे व्यक्ति से परे देखने और परिवारों, समुदायों और यहां तक कि वैश्विक स्तर पर रिश्तों की भलाई के लिए काम करने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाली सभी महिलाएं ऐसे आध्यात्मिक सिद्धांतों के साथ सामने आएंगी जिन्हें लोग अपने जीवन और अपने आस-पास के लोगों के जीवन को और अधिक सुंदर और शांतिपूर्ण बनाने के लिए लागू कर सकते हैं।

### मानवता के लिए बच्चों की शिक्षा से बड़ा कोई निवेश नहीं

उन्होंने कहा कि मानवता के लिए हमारे बच्चों की शिक्षा से बड़ा कोई निवेश नहीं है। सही मार्गदर्शन और समर्थन के साथ कई बच्चे हमारे राष्ट्र की यात्रा में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आप सभी से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का आग्रह किया।

संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी घोषणा

## भारत को अमेरिका देगा अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान, डील पक्की

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यहां हुई ऐतिहासिक मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में महत्वपूर्ण सामरिक घोषणा हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाददाता सम्मेलन में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का फैसला किया है। इसका मकसद भारत को अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल करना है।

प्रधानमंत्री मोदी से बेहद सौहार्दपूर्ण मुलाकात के बाद हुए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस साल अमेरिका भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक पहुंचाएगा। हमने भारत को एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान देने का रास्ता खोल दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत में अमेरिका तेजी के साथ सैन्य व्यापार बढ़ाएगा। महत्वपूर्ण यह है कि डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में पुनः वापसी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह पहला

● राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत में अमेरिका तेजी के साथ सैन्य व्यापार बढ़ाएगा




दौरा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी इस बात की है कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च स्थान पर रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने देश के हितों को सबसे ऊपर रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपको (डोनाल्ड ट्रंप) व्हाइट हाउस में वापस देखकर खुशी हो रही है। वह भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से उन्हें बधाई दे रहे हैं। भारत के लोगों ने मुझे तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में काम करने का मौका दिया है। इस कार्यकाल में वह अगले चार वर्ष तक आपके साथ मिलकर काम करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके पहले कार्यकाल के दौरान हमारे संबंध प्रगाढ़ रहे। अब हम उसी बंधन, समान विश्वास और समान उत्साह के साथ और तेजी से आगे बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "राष्ट्रपति ट्रंप अकसर MAGA के बारे में बात करते हैं। भारत में, हम एक विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं। उसका अमेरिकी संदर्भ में अनुवाद MIGA है। और साथ में भारत-अमेरिका के बीच समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी है।" इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में ट्रंप के भरोसेमंद साथी एलन मस्क से हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, " वाशिंगटन डीसी में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं। मैंने सुधार और 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बात की।"

राष्ट्रपति पहुंची रांची, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

## बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल



संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंचीं। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजभवन पहुंचीं, जहां राज्यपाल समेत डीजीपी अनुराग गुप्ता, सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रात्रि विश्राम के लिए राजभवन में ठहरेंगी। उनकी सुरक्षा को लेकर राजधानी में विशेष इंतजाम किए गए हैं। राजभवन और उसके आसपास पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई है। शनिवार को सुबह 11:00 बजे राष्ट्रपति का काफिला राजभवन से बीआईटी मेसरा पहुंचेगा, जहां वे बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वे संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित रिसर्च एग्जिबिशन कम डिस्प्ले का उद्घाटन भी करेंगी। कार्यक्रम के उपरांत वे सीधे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था के तहत राजधानी में नौ आईपीएस, 22 डीएसपी, 60 इंस्पेक्टर और 2,500 जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, शुक्रवार को राजभवन से बीआईटी मेसरा तक सुरक्षा अभ्यास (कारकेड रिहर्सल) किया गया, जिसमें 30 से अधिक वाहन शामिल थे, जिनमें वार्निंग कार, एंबुलेंस, वज्रवाहन और फायर ब्रिगेड भी शामिल थे।

## मणिपुर : सीआरपीएफ कैंप में जवान ने साथियों पर चलाई गोली, तीन की मौत

एजेंसी

**इम्फाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले के लामसांग स्थित सीआरपीएफ शिविर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। सीआरपीएफ कैंप में गुरुवार रात एक जवान ने अपने ही साथियों पर गोली चला दी। इस घटना में दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। बाद में आरोपित जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सभी जवान एफ-120 कंपनी सीआरपीएफ के थे।

अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में रात करीब साढ़े 8 बजे यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि आरोपित हवलदार संजय कुमार ने अपनी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कुमार ने खुद को भी गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, गोलीबारी में घायल सीआरपीएफ के आठ अन्य जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और गोलीबारी के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस तरह की घटनाएं सुरक्षा बलों में मानसिक तनाव और कार्यस्थल की चुनौतियों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं।

### ट्रम्प ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली।** अमेरिका की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि उनके प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संबंध 'पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे।' श्री ट्रम्प ने श्री मोदी के साथ वार्ता के बाद व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 'आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने 26/11/2008 के भयावह मुंबई आतंकवादी हमलों से जुड़े साजिशकर्ताओं और दुनिया के सबसे दुष्ट लोगों में से एक के प्रत्यर्पण को भारत में न्याय का सामना करने के लिए मंजूरी दे दी है।'

दिल्ली में नयी सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज

## दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक 16 को, 18 को शपथ संभव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नयी सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज हो गयी और इस कड़ी में 16 फरवरी को विधायक दल की बैठक और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका का दो दिवसीय दौरा समाप्त करके नयी दिल्ली लौट रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि 16 फरवरी को पार्टी के विधायक दल की बैठक हो सकती है, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जाएगा और अनुमोदन होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ ने दिल्ली के नये मुख्यमंत्री की घोषणा करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि प्रदेश की नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को आयोजित हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह किस जगह पर आयोजित होगा, अभी तक इस बारे में फैसला नहीं हो पाया है। मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा है, लेकिन ज्यादा संभावना इस समारोह के रामलीला मैदान में आयोजित होने की है।

गौरतलब है कि भाजपा ने आठ फरवरी को आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में 48 सीटें जीती हैं और 12 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट कर रह गयी।

महाकुंभ ❯ उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी के लिए शुभ संकेत, दो लाख करोड़ रुपये बढ़ोत्तरी की संभावना

## महाकुम्भ ने धार्मिक पर्यटन के 'गोल्डन ट्रायंगल' को दी नई ऊंचाई

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** देश में काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण (गोल्डन ट्रायंगल) के रूप में उभरे हैं। तीर्थों के तीर्थ प्रयागराज में चले रहे दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ में इस गोल्डन ट्रायंगल ने प्रसिद्धि, कमाई और श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से नये कीर्तिमान बनाये हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इस महाकुम्भ के आयोजन के लिए गभग 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट आवंटित किया है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला महाकुम्भ राज्य सरकार की इकोनॉमी के लिए भी शुभ माना जा रहा है। महाकुम्भ से राज्य सरकार की इकोनॉमी में 2 लाख करोड़ रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। कुम्भ मेले के समापन में 12 दिन शेष हैं, कमाई का आंकड़ा बढ़ने की संभावना है।

### वाराणसी में देखने को मिल रहा सबसे बड़ा असर



आस्था का यह सैलाब सिर्फ प्रयागराज तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश के बाकी धार्मिक शहरों तक भी इस भीड़ और लोगों की आस्था का बड़ा असर दिखाई दे रहा है। सबसे बड़ा असर तो धर्म नगरी वाराणसी में देखने को मिल रहा है। यहां पर बाबा विश्वनाथ की नगरी में पहुंचकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने वालों ने नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मंदिर के विस्तारीकरण के बाद अब तक सारे रिकॉर्ड इस भीड़ ने तोड़ दिए हैं। वाराणसी में एक महीने में करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन 11 जनवरी से 11 फरवरी यानी 1 महीने के अंदर विश्वनाथ मंदिर में एक करोड़ 50 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए हैं। जो एक महीने में सर्वाधिक आंकड़ा है। काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के बाद एक महीने में आने वाले श्रद्धालुओं की यह सर्वाधिक संख्या है। यह आंकड़ा अभी प्रतिदिन बढ़ रहा है। मंदिर प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक महीने के अंदर 7 करोड़ रुपये (इसमें सोना-चांदी शामिल नहीं) का चढ़ावा आया है, जो अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। यह चढ़ावा सिर्फ कुंडी में आए धन से है। जबकि सारे टिकट और वीआईपी सुविधाओं को बंद कर रखा गया है। माना जा रहा है कि यह फाइनल काउंटिंग में और भी ज्यादा होगी। यह जो धनराशि प्राप्त हुई है वह अब तक एक महीने में सर्वाधिक है।

### रामलला की नगरी अयोध्या मिनी कुम्भ में तब्दील





रामलला की नगरी मिनी कुम्भ में तब्दील हो गई है। प्रयाग महाकुम्भ की शुरूआत के बाद अयोध्या में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। अयोध्या में भीड़ बढ़ने की वजह से राम पथ, भक्ति पथ और राम जन्मभूमि पथ को पूरी तरह सील कर दिया गया है। शहर के दोनों तरफ बैरिकेडिंग की गई है। वहीं शहर को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही वीआईपी और वीवीआईपी पास पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरयू घाट से लेकर राम मंदिर तक जाने वाले रामपथ मार्ग पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। अयोध्या आने वाले भक्तों की सबसे अधिक भीड़ राम मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रही है। श्रीराम जन्मभूमित तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक जनवरी माह में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इन दिनों प्रतिदिन 3 से 4 लाख श्रद्धालु रामनगरी में दर्शन कर रहे हैं, जो अयोध्या के स्ट्रक्चर की दृष्टि से बहुत अधिक है। हालांकि प्रतिदिन डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालुओं के राम नगरी में दर्शन पूजन की समुचित व्यवस्था है। होटल, परिवहन, ग्रॉसरी, पूजा सामग्री से लेकर पटरी दुकानदारों के चेहरे भीड़ की वजह से खिले हुए हैं। रामलला की नगरी में लक्ष्मी की बरसात हो रही है।

राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग

## सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को लिखित दलीलें दाखिल करने का दिया निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों को अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अंतिम सुनवाई 21 अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह में करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के आग्रह पर उन्हें भरोसा दिया कि इस मामले को सुनवाई में प्राथमिकता देगा।

एडसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी उपाध्याय ने इस मामले में अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। पहले की सुनवाई में एडीआर की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा था कि केंद्रीय सूचना आयोग ने 2013 में आदेश देते हुए कहा था कि राजनीतिक पार्टियों को आरटीआई के दायरे मे लाना चाहिए। इसके बाद एक और भी आदेश दिया था। इसके बाद भी आज तक इसको लागू नहीं किया गया।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के आधार पर विधायिका को इसे लागू करने के लिए याचिका दाखिल नहीं की जा सकती है।

# राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, जगह-जगह पुलिस बल तैनात

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के रांची के दो दिवसीय दौरे को लेकर शुक्रवार को सुबह से ही प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट मोड पर है। इसकी वजह से शहर के रातू रोड, किशोरी यादव चौक, नागाबाबा खटाल के आस-पास, हरमू रोड पर प्रतिदिन आम लोगों को जाम में नहीं फंसना पड़ा और वाहनों का सुचारु रूप से आवागमन जारी रहा। वही पूरे शहर को लेकर कार्यक्रम स्थल तक जिला प्रशासन की ओर से लगभग 3 हजार पुलिस के जवानों को अलग-अलग स्थानो पर डियूटी पर लगाया गया।

एयरपोर्ट से लेकर बिरसा चौक, हरमू राजपथ, रातू रोड, राजभवन पथ सहित कई अन्य मार्गो पर वैरेकेडींग की गई है। इसके साथ नगर निगम की ओर से सड़को को साफ-सुथरा किया गया है।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारियों ने की संयुक्त बैठक

## रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**रांची।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के शनिवार को बीआईटी मेसरा के जी.पी. बिरला ऑडिटोरियम में प्लैटिनम जुबली वर्ष 2025 कार्यक्रम को लेकर, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक करते हुए उन्हें कार्यक्रम को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, सभी को सुरक्षा जांच होने के उपरांत ही ऑडिटोरियम में प्रवेश की अनुमति होगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी मानकों का सुनिश्चित रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा लोगों का रूझान: कमलेश



एजेंसी

**रांची।** कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत सभी जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, प्रखंड और जिला पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को चांडिल डैम गेस्ट हाउस सभागार में एक मार्च को कोल्हान प्रमंडल में होने वाले कांग्रेस समागम की तैयारी को लेकर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्टि अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद युवा, किसान और महिलाओं, का विश्वास कांग्रेस के प्रति और गहरा हुआ।

यही कारण है कि लोगों का रूझान कांग्रेस में बढ़ रहा है और लोग कांग्रेस की सदस्यता लेने के लिए उत्सुक दिख रहे हैं। एक मार्च को आहुत कोल्हान प्रमंडल कांग्रेस समागम इसी का उदाहरण है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सचिव सह सांसद सत्पगिरी शंकर उलका, सचिव डॉ सिरिबेला प्रसाद , मंत्री और विधायक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र रहा है और आप लोगों का जो प्यार हमें मिला उस प्यार का कोई मूल्य नहीं है। कांग्रेस समागम यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास है।

बैठक में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, धमेन्द्र सोनकार, देबू चटर्जी, संजीव श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, छोटे राय किस्कू, राणा सिंह, एलबी सिंह, शिवकुमार गोराई, राजीव चौधरी, उपेन्द्र गिरि, परमिन्दर मिश्रा, दुर्याधन गोप, त्रिशानु राय सहित अन्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में रिंग रोड पर दो बसों की टक्कर, चालक को हल्की चोट

**रांची।** रांची के मेसरा ओपी क्षैत्र के रिंग रोड स्थित रूदिया आम बगान के पास शुक्रवार दोपहर एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सिर्फ बस चालक को हल्की चोट आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागालैंड नंबर की चार बसों में यात्री तीर्थस्थल गया के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान दो बसों की आपस में टक्कर हो गई, जिससे एक बस के आगे का शीशा टूट गया और चालक घायल हो गया।घटना की सूचना पाकर मेसरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक का इलाज कराया। अन्य यात्रियों को दूसरी बसों में बैठाकर यात्रा के लिए रवाना किया गया।एएसआई अंजय चंद्रवंशी ने बताया कि चार बसों में यात्री बोधगया जा रहे थे। इस दौरान दो बसें आपस में टकरा गईं, जिससे एक बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक का इलाज करवाकर उन्हें भी रवाना कर दिया गया। पुलिस ने बस को सड़क से हटवा दिया है, जिससे यातायात सामान्य हो गया।

### पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**रांची।** भारतीय पावर स्टेशन्स ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस (आईपीएस2025) में,एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग (ऑपरेशनल) श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2023-24 से सम्मानित किया गया. यह अवार्ड क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोल माइनिंग) अनिमेष जैन और पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने ग्रहण किया। पकरी बरवाडीह को यह पुरस्कार खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। एनटीपीसी लिमिटेड,भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी, 13 से 15 फरवरी को रायपुर में आईपीएस 2025का आयोजन कर रहा है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन,एनटीपीसी सिंगरौली की पहली यूनिट के समन्वयन की याद में, विश्वसनीय और स्थायी उत्पादन,संपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा संक्रमण पर केंद्रित है। आईपीएस 2025 में टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटलीकरण जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को भी प्रदर्शित किया गया।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दिउड़ी मां की पूजा-अर्चना की

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शुक्रवार को चांडिल जाने के क्रम में दिउड़ी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होने दिउड़ी मां क दरबार में पूजा-अर्चना की। इसके बाद चांडिल रवाना हुए।

### सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपाईयों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की जयंती पर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम हुआ । इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने सुषमा स्वराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद करते हुए कहा की सुषमा स्वराज का नाम सामने आते ही एक सादगी और सौम्यता की प्रतिमूर्ति उभर आती है। सुषमा बड़ी आसानी से अपने वाक्य चातुर्य के बल पर विरोधियों को परास्त करने के लिए जानी जाती थीं। अपनी क्षमता और मेधा के आधार पर नारीशक्ति किस प्रकार राजनीति में अपना लोहा मनवा सकती है, इसका एक सफल उदाहरण सुषमा स्वराज थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में विकास प्रीतम, हेमंत दास,अशोक बड़ाईक, पंकज सिन्हा, मनोज दूबे, सीमा सिंह ,बबीता वर्मा, संजय जायसवाल, योगेंद्र लाल, शिवपूजन पाठक सहित कई उपस्थित थे।

### पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को एबीवीपी ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक में पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

मौके पर जिला संयोजक पवन नाग ने कहा कि पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 14 फरवरी 2019 को हमारे सीआरपीएफ के 40 बहादुर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। राष्ट्र अपने वीर जवानों को याद करने और उनका सम्मान करने में एकजुट है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन साहू ने कहा कि आतंकी हमले को विफल करने में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को देश हमेशा याद रखेगा। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। एबीवीपी श्रद्धा पूर्वक उन शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करती है। इस दौरान महानगर सह मंत्री सिद्धांत श्रीवास्तव, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष सतीश केसरी, महानगर कार्यालय मंत्री सौरभ यादव, कृष्णा

# सीएम हेमंत, चंपाई समेत अनेक जनों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को किया नमन

संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में कायराना आतंकी हमले में शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन।

वहीं दूसरी ओर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन। आपके अदम्य साहस, वीरता और शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

इसके अलावा लोकसभा सांसद और भाजपा नेता संजय सेठ ने कहा कि पुलवामा के आतंकी हमले में अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी वीर सपूतों को मेरा कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रहित के लिए दिया गया आपका बलिदान, हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। यह देश आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। आपकी वीरता को मेरा प्रणाम।

इसी प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को नमन। मरांडी ने कहा कि संपूर्ण राष्ट्र वीर जवानों का यह बलिदान कभी नहीं भूलेगा।

वहीं दूसरी ओर से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि 14 फरवरी 2019 पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन। उनकी शहादत को कभी नहीं भूल सकते। देश की रक्षा के लिए उनका बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद। डॉ. इरफान अंसारी ने एक फोटो भी साझा की है, जिसमें लिखा है कि 14 फरवरी 2019 यह वही दिन है जब हमारे वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ था, जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद इसका जिम्मेदार था।

### रांची के श्री महावीर मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से

**रांची। बूटी स्थित श्री महावीर मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष वार्षिकोत्सव भव्य रूप से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 21 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल होंगे। सुबह आठ बजे कलश यात्रा निकलेगी। दोपहर एक बजे वेदी पूजन के बाद मंडप प्रवेश होगा। संध्या आरती के बाद खीर भोग का वितरण किया जाएगा। 22 फरवरी को मंडप परिक्रमा, मंडप पूजन और संध्या आरती के बाद खिचड़ी वितरण के साथ अखंड कीर्तन शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक किया जाएगा। 23 फरवरी को मंडप परिक्रमा, देव पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, महाआरती, ब्राह्मण विदाई के बाद भव्य भंडारा किया जाएगा। शाम सात बजे से जगराता आयोजित की जायेगी।**

# राज्य में फिर एक बार मौसम का मिजाज बदलने की संभावना

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड में फिर एक बार मौसम का मिजाज बदलने संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो लगातार न्यूनतम तापमान में हो रही बढ़ोतरी में ब्रेक लग जाएगा। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और ठंडी हवा चलने की वजह से इसका आंशिक असर राज्य में भी पड़ेगा। इस कारण अगले 24 घंटे में तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

**सुबह और रात में ठंडी हवा चलने से लोगों को परेशानी**

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो सुबह और रात में ठंडी हवा चलने से लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। हालांकि दिन चढ़ने के साथ ही मौसम साफ हो जाएगा। दोपहर में धूप रहने की वजह से अन्य दिनों की तरह ही हल्की गर्मी का एहसास होगा। वैसे इन दिनों तापमान दिन में बढ़ा रहता है। लेकिन रात में तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर जा रहा है। लेकिन शाम होते ही तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

**17 से 19 फरवरी तक आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे, 20 और 21 कुछ जिलों में बारिश की भी हो सकती**

17 से 19 फरवरी तक आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। 20 और 21 फरवरी को झारखंड के कुछ जिलों में बारिश की भी हो सकती है। राज्य का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जतायी गयी है। लगातार हो रहे बदलाव के कारण डॉक्टरों ने लोगों को सावधनी बरतने की अपील की है।

### आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले को स्वागतयोग्य बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड के आदिवासी गांवों में 1,220 नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे आदिवासी समाज के विकास और पोषण में काफी सुधार होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने तारीफ करते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनायेगा और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नये मौके प्रदान करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति से महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा। केंद्र सरकार का यह निर्णय सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो झारखंड के आदिवासी समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।

# बाबूलाल मरांडी ने पंचायतों के अधिकारों में कमी पर जतायी चिंता

### ग्राम पंचायतों को स्वायत्त शासन की शक्ति दी जानी चाहिए

संवाददाता



**रांची।** झारखंड में पंचायतों को अधिकार देने की स्थिति राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चिंता व्यक्त की है।

मरांडी शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वायत्त शासन की शक्ति दी जानी चाहिए, लेकिन अधिकारों की कमी के कारण वे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और बुनियादी ढांचे से जुड़े फैसले स्वतंत्र रूप से नहीं ले पातीं। बाबूलाल ने बताया कि वित्तीय स्वतंत्रता की कमी भी विकास कार्यों में बाधा बन रही है, जिससे स्थानीय शासन प्रणाली कमजोर हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि ग्राम पंचायतों को समुचित संसाधन और वित्तीय स्वायत्तता देकर सशक्त बनाया जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# झारखंड में खुलेंगे 1220 नए आंगनबाड़ी केंद्र

संवाददाता




**रांची।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड में 1220 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की योजना है। इनमें से 275 नए केंद्र पीएम जनमन योजना के तहत खोले जाएंगे। राज्य सरकार ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को इसका प्रस्ताव भेजा है। इससे आदिवासी इलाकों को फायदा मिलेगा।

वहीं, डीएजेजीयूए के तहत भी 945 गांवों में नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की योजना है। 945 गांवों की सूची महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पास स्वीकृति के लिए भेजी गई है। पीएम जनमन योजना 100 प्रतिशत केंद्र सरकार की है। डीएजेजीयूए केंद्र और सरकार सरकार के द्वारा 7030 के अनुपात में संचालित है। डीएजेजीयूए के तहत जनजातीय बहुल गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय को राज्य में 7139 गांवों की सूची दी गई है, जिसमें 6524 में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। शेष 615 गांवों के सर्वे के लिए जिलों को सूची उपलब्ध करायी गयी है। वहीं, कुल 945 गांवों में नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने को विभागीय स्वीकृति हेतु भेजी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते साल दो अक्टूबर को हजारीबाग से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी। योजना के तहत जनजातीय बहुल गांवों में सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य-शिक्षा का विकास, रोजगार की कमी खत्म करना, जनजातीय क्षेत्रों एवं यहां रहने वाले समुदायों के समग्र-सतत विकास का लक्ष्य है।

# एनसीसी कैडेटों ने पुलवामा शहीदों को याद कर दी श्रद्धांजलि

**रांची। मारवाड़ी महाविद्यालय एन.सी.सी. कंपनी के द्वारा ब्लैक पुलवामा के शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । एन.सी.सी. केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो शहीदों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी । शहीदों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश के लिए यह काला दिन था जिसमें हमारे देश के केंद्रीय पुलिस बल के 41-जवान एक साथ शहीद हो गए थे । इस दिन शहीद हुए जवानों के हम सच्ची श्रद्धांजलि देते हैं और उस दिन को हम कभी भूला नहीं सकते । उनको हम सत-सत नमन करते हैं और ईश्वर से हम प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवार वाले जहां भी रहें अच्छी तरह जीवन यापन करें। सारा देश उनके बलिदान के ऋणी हैं । कैडेट आप जब कभी भी सेना के अधिकारी या सैनिक बने तो ऐसे कायराना हमला करने वाले लोगों से अवश्य सतर्क रहें, सारे टीम को सतर्क करें ताकि बुरे सोच वाले अपने बुरे मंसूबे पर कामयाब न हों और हमारा राज्य, राष्ट्र सुरक्षित रहे ।**

# पोज फर्नीचर ने जमा की जुर्माना के राशि

वरीय संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम की ओर से निगम क्षेत्र में लगातार होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

इस क्रम में 10 फरवरी को निगम के निदेशों का अवहेलना करने पर रोशपा टावर स्थित दो प्रतिष्ठानों (वन स्टॉकप सर्विस एवं पीओजे फर्निचर) को सील किया गया था।

इसके बाद शुक्रवार को पीओजे फर्निचर की ओर से 25,000 रुपए जुमार्ना के साथ-साथ नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया है। इसके बाद निगम की टीम ने प्रतिष्ठान पर की गई सील को खोल दिया। इस संबंध में नगर निगम के प्रशासक ने रांची के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी नागरिक अपने भवन के होल्डिंग टैक्स (घृतिकर) का भुगतान समय पर करें। उन्होंने कहा है कि यदि रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए लोग कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा है कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना जरूरी है। यदि अपने भवन परिसर में किसी नई संरचना का निर्माण किया गया है, तो उसके क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना भी जरूरी है।

# श्री श्याम निशान की हुई पूजा-अर्चना

वरीय संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम परिवार का चार दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रातः 6 बजे से आचार्य शंकर लाल शास्त्री के सानिध्य में पांच पुजारियों द्वारा प्रथम देव भगवान गणेश के अलावा अन्य देवी देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान संस्था के अध्यक्ष श्रवण - श्रीमती नेहा जालान पूजा अर्चना में शामिल हुए। जसमें श्री श्याम परिवार के कई सदस्य सपरिवार उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से जयदीप राज, प्रकाश दालानिया, श्रीमती शालू सिंघानिया, राजेश जालान, संजय खेतान, पंकज शर्मा, रजत जालान आदि कई सदस्य उपस्थित थे।



**आज निकलेगी हारे के सहारा बाबा श्री श्याम प्रभू की भव्य शोभा यात्रा**

आज शनिवार को दोपहर 2:00 बजे से श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 351 महिलाये एवं पुरूष पारम्परिक राजस्थानी वेशभूषा में श्री श्याम प्रभु के पवित्र निशान को लेकर नगर भ्रमण करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में श्री श्याम बाबा के भजन कीर्तन करते हुए श्री श्याम परिवार के सदस्यगण एवं भजन प्रवाहक होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन के बाद मरीजों को सकुशल भेजा गया घर



**बोकारो।** डीवीसी कोनार डैम सीएसआर द्वारा नेत्र जांच शिविर के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के सभी 48 मरीजों में से 38 मरीजों का ऑपरेशन बुधवार को सफलतापूर्वक जय प्रकाश नारायण आई हॉस्पिटल, चौपारण में सम्पन्न किया गया। शुक्रवार को सभी मरीजों को अस्पताल के बस से कोनार डैम लाया गया। कोनार डैम स्थित सामुदायिक भवन से सभी मरीजों को उनके घरों परिजनों के साथ भेजा गया। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को पुनः जांच के लिए 19 फरवरी को कोनार स्थित डीवीसी हॉस्पिटल बुलाया गया है। जांच के बाद आवश्यक दवाइयां दी जाएंगी। मरीजों और ग्रामीणों ने डीवीसी प्रबंधन और सीएसआर को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार ने दी।

### बोकारो थर्मल में पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित झारखंड चौक में शुक्रवार की शाम को करमजीत सिंह बक्सी और पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पूर्व सभी शहीदों के सम्मान में उपस्थित लोगों ने पुलवामा के शहीद अमर रहें, भारत माता की जय और भगत सिंह अमर रहें जैसे गगनभेदी नारे लगाए। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर भागीरथ शर्मा, सुषमा कुमारी, सरजू रजक, मो. वाजिद, विजय पटेल, गोविंद, हकीम, सुनील सिंह, दीपमाला कुजूर, गीता देवी, ज्योति देवी, अनिल पासवान, निधि देवी, दुलेश्वर प्रजापति सहित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी के एथलीटों और अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीसीएल के सीएमडी ने ढोरी क्षेत्र का दौरा कर उत्पादन लक्ष्य पूरा करने को कहा



**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने शुक्रवार को ढोरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। सीएमडी श्री सिंह ने एएडीओसीएम परियोजना के आउटसोर्सिंग व डिपाटमेंटल पैंच का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कोयला उत्पादन व डिस्पैच से संबंधित कई जानकारी अधिकारियों से लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को हर हाल में इस वित्तीय वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने को कहा है। इसके बाद सीएमडी ने अमलो रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। जिसमें निकलने वाले रैक की जानकारी लेते हुए यहां भी अधिकारियों को कई निर्देश दिया। इस मौके पर ढोरी जीएम रंजय कुमार सिन्हा, एएडीओसीएम पीओ राजीव कुमार सिंह, एसओ इएंडएम गौतम मोहंती, मुनीनाथ सिंह, मनोज कुमार शाह, उमेश पासवान, संतोष कुमार राय, सीताराम उइके आदि मौजूद थे।

### युवा व्यवसायी संघ ने पुलवामा के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**बेरमो/ बोकारो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के प्रधान कार्यालय में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर शहीदों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी गयी। शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपुरा में हुए आतंकी हमले में 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। कहा कि मातृभूमि की सेवा और उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा देश याद रखेगा। हमारे वीर नायकों का साहस और निःस्वार्थ प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मौके पर राकेश मालाकार, संतोष भगत, गुड्डू जैन, रोहित मित्तल, भरत वर्मा, संतोष मित्तल, मिथलेश जयसवाल, मो. जावेद खान, भाजपा नेता भाई प्रमोद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### सुभाष नगर कॉलोनी में जलापूर्ति को लेकर कनेक्शन पाइप बदलने का आश्वासन

करगली/ बोकारो। सीसीएल बी एंड के क्षेत्र के सुभाष नगर कॉलोनी में करगली फिल्टर का पानी तीन दिनों से आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान हैं। कई दिनों से सुभाष नगर कॉलोनी के वाशरी लाइन जो करगली फिल्टर से पानी मिलता है और सवाडी का पानी सुभाष नगर वाशरी लाइन के कॉलोनी में 25 से 30 घरों को उस पाइपलाइन से जुड़ा है। जिसका 2 इंच का पाइप फटा हुआ है। जिससे सारा पानी करगली फिल्टर का पानी और सवारी खदान का पानी पाइप फटने से सारा पानी नाली में बह जा रहा है। भाजपा फुसरो नगर मंडल ओबीसी मोर्चा के मंत्री छोटू कुमार रवानी ने सीसीएल करगली फिल्टर के इंचार्ज इएंडएम विभाग के अमरेश कुमार से पूछने पर बताया कि नदी में पानी कम होने एवं टेक्निकल प्रॉब्लम होने की वजह से पानी नहीं चल पाया। करगली सीसीएल के सिविल विभाग के ओवरशियर से इस विषय पर अवगत कराते हुए पाइप मरम्मत करने की मांग की गई तो उन्होंने रविवार तक पाइप मरम्मत कर जलापूर्ति कराने का आश्वासन दिया।

# बैंककर्मियों की प्रस्तावित दो-दिवसीय हड़ताल, किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

संवाददाता

**बोकारो।** आगामी 24-25 मार्च को घोषित दोदिवसीय बैंक हड़ताल की सफलता तथा अपनी मांगों के समर्थन में निर्धारित आंदोलनात्मक कार्यक्रमों के आलोक में शुक्रवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बैनर तले आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 4 सिटी सेंटर के सामने विशाल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मूलतः ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सभी संवर्गों में समुचित बहाली, पांच दिवसीय बैंकिंग, इंडियन बैंक एसोसिएशन (सभी बैंकों की शीर्ष प्रबंधन की सम्मिलित आधिकारिक संस्था) के साथ लंबित मुद्दों का शीघ्र निपटारा, बैंक प्रबंधनों द्वारा लगातार द्विपक्षीय समझौता का उल्लंघन आदि मुख्य मांगे शामिल है को लेकर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के बोकारो जिला उप संयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा यूएफबीयू के साथ हुई वाताओं में अनेक लंबित मुद्दों को सुलझाने की बात कही गई थी, जिसमें पांच दिवसीय बैंकिंग के साथ-साथ सभी संवर्गों में समुचित बहाली करने की बात की गई थी। मौखिक सहमति के बावजूद भी लंबित मुद्दे पर इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा किसी प्रकार की सकारात्मक पहल अभी तक नहीं की गई है। साथ ही भारत सरकार अपने वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से अनावश्यक बैंकों में लगातार दखल दे रही है, जिससे जहां एक ओर ग्राहक सेवा में दिन प्रतिदिन ह्रास हो रहा है वहीं बैंक में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को असहनीय कार्य बोझ एवं तनाव से ग्रसित होने के लिए विवश किया जा रहा है। यह बर्दाश्त से बाहर है अपने अस्तित्व एवं बैंक के बेहतरी के लिए अंतिम दम तक हम संघर्ष करेंगे। यदि सरकार एवं आईबीए हमारी उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक रूख नहीं अपनाती है तो हमें आंदोलन को और तीव्र करना होगा एवं 24 तथा 25 मार्च 2025 को आयोजित दो दिवसीय हड़ताल को पूर्ण सफल करना होगा। प्रदर्शन को राजेश कुमार ओझा, मिथिलेश कुमार, विभाष झा, राजेश श्रीवास्तव, प्रदीप झा, अवधेश प्रसाद, पी के श्रीवास्तव, राजकुमार प्रसाद, रतन राज मुर्मू, पंकज सिंह, दिलीप कुमार, विवेक ठाकुर, अरुण कुमार आदि ने भी संबोधित किया।




## राजकीय प्राथमिक विद्यालय अमलो में चोरी



संवाददाता

**फुसरो/ बोकारो।** नगर परिषद फुसरो के वार्ड नंबर 6 के अमलो बस्ती में गुरुवार की रात चोरों ने राजकीय प्राथमिक विधालय में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने ग्रील गेट, दो पाइप, सारे एलइडी बल्व, नलों के वॉल आदि चोरों ने चोरी कर ली है। विद्यालय प्रबंधन ने पूर्व पार्षद कैलाश ठाकुर को इसकी सूचना दी। श्री ठाकुर ने दूरभाष पर प्रशासन को सूचित किया और लिखित शिकायत बेरमो थाना को दी गई और प्रशासन से चोरों पर सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य कौशल सिंह, अशोक पाण्डेय, बिरजू राम, गीता देवी इत्यादि उपस्थित थे।

## सीसीएल में इनमोसा द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय समिति की बैठक शुक्रवार को सीसीएल ढ़ोरी ऑफिसर्स क्लब में पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा इनमोसा की मांगों को नजर अंदाज करने, इनमोसा सदस्यों के समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर रोष जताया गया। प्रबंधन के रवैये के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत आंदोलन के प्रथम चरण 24 फरवरी को परियोजना कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन, दूसरे चरण में 3 मार्च को सभी एरिया कार्यालय तथा तीसरे चरण में 10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय रांची में प्रदर्शन करने तथा चौथे चरण में 24 से 26 मार्च तक तीन दिनों की सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया गया।



बैठक में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि 09 सूत्री मांगों पर सीसीएल प्रबंधन एवं इनमोसा के बीच पूर्व में वार्ता में हुई थी। लेकिन मांगों पर प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गयी। जिससे आक्रोशित सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ इनमोसा चरणबद्ध आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

मौके पर मौके पर विजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उप महामंत्री सीसीएल, ढोरी क्षेत्र से तुलसी कुमार महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष, पवन कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव, हीरालाल रविदास, अध्यक्ष, ढ़ोरी खास, रमाशंकर सिंह, सचिव, ढोरी खास, युधिष्ठिर सिंह, सचिव, कल्याणी, सीताराम जी, अध्यक्ष, कल्याणी, कमलेश कुमार सिंह, अध्यक्ष, अमलो, जयराम सिंह, सचिव, अमलो, बोकारो एवं करगली क्षेत्र से दिनेश प्रताप मौर्य, क्षेत्रीय सचिव, अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष, दिनेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय संगठन सचिव, निरंजन सिंह, सचिव, कारो, डोमन पासवान, अध्यक्ष, कारो, शैलेन्द्र, सचिव, खासमहल, प्रगति प्रताप सिंह, रवि शंकर प्रसाद, कथारा क्षेत्र से बालेश्वर महतो, क्षेत्रीय सचिव, मो. नौशाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष,रमेश पासवान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष,राजेंद्र मंडल, क्षेत्रीय संगठन सचिव, विजय महतो, क्षेत्रीय कैशियर, नफीस अंसारी, अध्यक्ष, कथारा, फैजुद्दीन, सचिव, कथारा, सुनील कुमार मंडल, राहुल कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## दसवीं कक्षा के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए इंटरैक्टिव सेशन आयोजित



संवाददाता

**बोकारो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में दसवीं कक्षा के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में अनएकेडमी के पूर्व उपाध्यक्ष और इनोवर्टन के संस्थापक प्रशांत शर्मा ने भाग लिया, जिन्होंने शिक्षण रणनीतियों और छात्र-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोणों पर अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने स्वागत भाषण से किया, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को आईआईटी-जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अभिभावकों और छात्रों को यह जानकारी दी गई कि विद्यालय अब परीक्षा की तैयारी को सुव्यवस्थित करने के लिए नई शिक्षण पद्धतियां अपना रहा है, ताकि छात्र स्कूल के वातावरण में ही प्रभावी ढंग से तैयारी कर सकें। इसके अलावा, शिक्षकों को इन उन्नत शैक्षणिक तकनीकों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

श्री शर्मा ने विद्यालय के भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की और तनावमुक्त शिक्षण वातावरण स्थापित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। दूसरे खंड में उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और संकाय सदस्यों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम कवरेज, समय प्रबंधन, परीक्षा रणनीतियाँ और माता-पिता की भूमिका पर सवालों के उत्तर दिए। मौके पर अभिषेक विश्वास, महाप्रबंधक, आई ई पी एल ओरिका, गोमिया और विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दासगुप्ता ने स्कूल-अभिभावक-छात्र संबंध को मजबूत करने और छात्रों को समग्र शिक्षा प्राप्त करने में ऐसे इंटरएक्टिव सत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

## शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी : विधायक सीपी सिंह

संवाददाता

**रांची।** रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि विद्यालय को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार देने की जरूरत है। सिंह शुक्रवार को कांके रोड स्थित ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय पिछले 55 वर्षों से इस क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। सिंह ने विद्यालय के आधारभूत संरचना का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमित संसाधन में भी विद्यालय निरंतर विकास के पद पर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय विकास कोष से नवनिर्मित दो कमरों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।




मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ भीम प्रभाकर ने पिछले एक वर्ष के वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रचार्य वासुदेव महतो समिति के सदस्य नीरज पांडेय, नलनी रंजन मिश्रा, अनिल सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक दीप्तेनदु, पांडेय पारसनाथ सिंह, अशोक प्रसाद सिंह, रामलगन राम सहित अन्य मौजूद थे।

## अंकों के दबाव से बचें छात्र : आलोक कुमार दूबे

संवाददाता

**रांची।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा शनिवार से, जबकि आईसीएसई की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है।

परीक्षा को लेकर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों से अंकों के दबाव से बचने को कहा है।



उन्होंने कहा कि यह परीक्षा जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी जरूर है, लेकिन इसे लेकर अनावश्यक दबाव लेना सही नहीं है।उन्होंने कहा कि परीक्षा आत्ममूल्यांकन का माध्यम है, न कि जीवन और मृत्यु का प्रश्न।

# वाम दलों ने पेश किया वैकल्पिक प्रस्ताव

संवाददाता

**कथारा/ बोकारो।** पिछले दिनों केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट को जनविरोधी बजट बताते हुए शुक्रवार को जारंगडीह स्थित सीटू कार्यालय में वाम दलों की संयुक्त बैठक चंद्रशेखर झा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सीपीआई, सीपीएम व सीपीआई एमएल के अगुवा नेता शामिल हुए। बैठक में सर्वप्रथम माकपा जिला सचिव भागीरथ शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर वाम दलों के बैठक में लिए गए निर्णय से लोगों को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट मजदूरों व किसानों के हितों के खिलाफ है और पूंजीपतियों को मालामाल कराने वाला है इसलिए वामदलों ने आम जनता कर पक्ष में वैकल्पिक प्रस्ताव पेश किया है। माकपा राज्य कमेटी सदस्य रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि इस बजट के प्रतिरोध में वामदलो की एकता का प्रदर्शन आवश्यक है। माले नेता बालेश्वर गोप ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट आमजन व किसान विरोधी है। जिसका विरोध होना चाहिए तथा बजट का प्रतिरोध कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाना होगा इसके लिए वामदल तैयार है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 फरवरी से 20 फरवरी तक व्यापक रुप से जनसंपर्क अभियान व नुककड़ सभाओं का आयोजन कर लोगों को केंद्र सरकार के नीतियों से अवगत कराया जाय। बैठक में गणेश प्रसाद महतो, श्यामबिहारी सिंह दिनकर, विजय कुमार भोई, बालगोविन्द मंडल, पंचानन मंडल, मनोज पासवान, कमलेश गुप्ता, गोवर्धन रविदास, भोला रजक, समीर सेन, नकुल रविदास आदि उपस्थित थे।



**AFFIDAVIT**

I, MEENA DEVI W/O Shankar Ravidas aged about 27 years resident of village-Dhori Basti Sotardih, P.O.-Dhori, P.S.-Bermo, Dist-Bokaro (Jharkhand) Pin No.-825102 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian.
2. That, in my Aadhar Card Vide No.-5695 2199 3760 and PAN Card vide No.-DQCPD9558P my name has been mentioned as MEENA DEVI but in Bank of India Branch Phusro Bazar Saving A/C No.-489210410000178 my name has been mentioned as MEENA RAVI.
3. That, MEENA DEVI and MEENA RAVI both names are same and one person i.e. myself.
4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as MEENA DEVI in place of MEENA RAVI.
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the above contents of this affidavit are true and correct, if in future the above contents shall be found incorrect, then I shall be liable to appropriate punishment.

# संक्षिप्त खबरें

## कौलेश्वरी मंदिर परिसर में प्रेमी युगल ने रचाई शादी



**हंटरगंज/चतरा।** विश्व प्रसिद्ध कौलेश्वरी मंदिर परिसर में शुक्रवार को एक प्रेमी युगल ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया। जानकारी के अनुसार, टंडवा थाना क्षेत्र के साराढू गांव निवासी इंद्रजीत कुमार सिंह 24 वर्ष का प्रेम प्रसंग पिछले तीन वर्षों से उसी गांव की वर्षा कुमारी 22 वर्ष के साथ चल रहा था। शुक्रवार सुबह दोनों कौलेश्वरी मंदिर पहुंचे, जहां सामाजिक और राजनीतिक लोगों की पहल पर परिजनों ने विवाह को स्वीकृति दे दी। इसके बाद विधिवत रीति-रिवाज के साथ मंदिर परिसर में विवाह संपन्न हुआ।

## प्रेमी की बेवफाई से आहत युवती ने कुएं में कूदकर दी जान



**कोडरमा।** कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में एक युवती ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। युवती की शादी तय हो चुकी थी, लेकिन वह डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही गांव के युवक सूरज यादव से प्रेम करती थी। जब उसे पता चला कि सूरज ने शादी से इंकार कर दिया, तो वह गहरे सदमे में चली गई और मानसिक तनाव में आकर उसने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी।युवती के भाई संतोष यादव ने बताया कि उसकी बहन सूरज यादव के प्रेम में थी और उसी से शादी करना चाहती थी। लेकिन जब उसे खबर मिली कि सूरज ने शादी से इनकार कर दिया, तो वह इस सदमे को सहन नहीं कर पाई और आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## हिंदुस्तान फाइटर ने मुकेश वॉरियर्स को हराया



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में चल रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन 2 में शुक्रवार को हिंदुस्तान फाइटर ने मुकेश वॉरियर को चार विकेट से हरा दिया। मुकेश वारियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 87 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी हिंदुस्तान फाइटर की टीम ने 11 ओवर में 6 विकेट खोकर 88 रन बनाकर मुकेश बैरियर को चार विकेट से हरा दिया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले सोनू कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हीरा टाइल्स मार्बल के द्वारा दिया गया।

## मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति घायल अवस्था में पहुंचा पांडेपुरा गांव, ग्रामीणों ने भेजा सदर अस्पताल



**हंटरगंज।** शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के पांडेपुरा गांव में एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति घायल अवस्था में पहुंचा। ग्रामीणों ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत एंबुलेंस बुलवाई और व्यक्ति को चतरा सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया।ग्रामीणों के अनुसार, व्यक्ति अपना नाम सुदामा और घर बनियाडीह बता रहा था। उसके बाएं पैर में गहरा जख्म था, जिससे वह चलने में असमर्थ था। ज्यादा पूछने पर भी वह कुछ स्पष्ट नहीं बोल पा रहा था। फिलहाल, चतरा सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है।

# गिरिडीह में झारखंड जोहार यात्रा की शुरुआत, 55 गांवों तक चलेगा अभियान

संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में भाकपा (माले) और असंगठित मजदूर मोर्चा ने झारखंड जोहार यात्रा की शुरूआत कर दी है। यह यात्रा गादी श्रीरामपुर, जसपुर और मंझलाडीह गांवों से आरंभ हुई है और अगले दो महीनों तक 55 गांवों में चलाई जाएगी। इस यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों में हो रही समस्याओं को उजागर करना और सरकार से उनके समाधान की मांग करना है।माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि जल, जंगल, जमीन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जनता परेशान है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में किसानों और मजदूरों की जमीन ली गई, लेकिन बदले में उचित मुआवजा नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को चाहिए कि या तो उरफ फंड से या फिर प्रशासनिक स्तर पर मुआवजा दिलवाकर किसानों की क्षति की



भरपाई करे।गिरिडीह और गांडेय विधानसभा में माले संगठन को मजबूत करने के लिए इस अभियान को पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में पहले भी तीन बार माले का विधायक चुना गया है और इस बार भी जनता उनके साथ है। उन्होंने कहा कि जब भी जनता संकट में होती है, तो माले ही खड़ा रहता है, जबकि चुनाव के समय बाकी पार्टियां सिर्फ वोट लेने आती हैं। इस अभियान का नेतृत्व कन्हाई पांडे, किशोर राय, मसूदन कोल, सनातन साहू, शंकर पांडे और मेहताब अली मिर्जा जैसे नेता कर रहे हैं। शहर के 36 वार्डों में इस अभियान को ले जाने की योजना है, वहीं मधुबन और पीरटांड़ क्षेत्र में 16 फरवरी से यह अभियान तेजी से चलेगा। माले नेता कन्हाई पांडे ने कहा कि पिछले दो दशकों से औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर कम किए जा रहे हैं। पूंजीपतियों और सत्ता में बैठे लोगों की साजिश के कारण मजदूरों को हक नहीं मिल पा रहा है।माले नेताओं ने झारखंड सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार ने यह घोषणा की थी कि फैक्ट्रियों में 75% स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिलेगा, तो अब इसे लागू करने में देरी क्यों हो रही है? उन्होंने मांग की कि सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों को रोजगार के लिए भटकना न पड़े।इस पूरे अभियान को और मजबूत करने के लिए पोलित ब्यूरो सदस्य एवं जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, अखिल भारतीय किसान मोर्चा के पूरण महतो, राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडे, शंकर पांडे, सनातन साहू, मेहताब अली मिर्जा और रामलाल मुर्मू पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।16 फरवरी से पीरटांड़ क्षेत्र में यह अभियान और तेज किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर आंदोलन को सफल बनाया जा सके।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

संवाददाता



**चतरा।** चतरा-रांची मुख्य मार्ग पर किशुनपुर मुहल्ला के पास बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक जेएच02एडबल्यू-3462 ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार देवरिया गांव निवासी 45 वर्षीय राजेश पांडेय पिता शंभु पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजेश पांडेय बाइक से बगरा की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गांव में मातम का माहौल छा गया। इस हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही, दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# खपरैल घर में लगी आग, जलकर सभी सामान नष्ट, बेघर हुई यशोदा



संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारियातू पंचायत अंतर्गत उमाढांकि गांव में असहाय गरीब यशोदा देवी पति बालेशर गंझु के खपरैल मकान में अचानक आग लग गई। जिससे घर व अंदर रखे सामान पुरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना में घर में रखे लगभग 5 क्विंटल धान व खाने-पीने के अन्य सामग्री के साथ बगल में रखा बिचाली भी जलकर नष्ट हो गया। बताया गया कि उमाढांकि निवासी यशोदा देवी पति बालेशर गंझू अपने बच्चों के साथ अपने खेत पर काम करने गए थी। अचानक घर में आग लगने की जानकारी मिली तो आनन फानन में दौड़कर सभी घर पहुंचे तो देखा कि घर पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुका है और ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। जबतक आग पर काबु पाया गया तबतक घर के साथ सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। घर जल जाने से महिला को तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहने में काफी कठिनाई हो रही है। फिलहाल दूसरे के घर में रहने के लिए विवश हो चुकी है।

# तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव को लेकर भव्य मंच का किया जा रहा निर्माण

संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के तीन दिवसीय इटखोरी राजकीय महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने दायित्वों को पूरा करने में दिन रात लगे हैं। 80 गुणा 60 फिट का भव्य महोत्सव के लिए मंच का निर्माण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महोत्सव के मंच पर तीन धर्मों का संगम देखने को मिलेगा। मंच पर एक ओर बौद्ध धर्म की भव्य प्रतिमा तो दूसरे तरफ जैन धर्म के महाविर की प्रतिमा, जबकी बीच में माता भद्रकाली मंदिर होगी। वहीं मंच के ठीक सामने 50 फिट की एरिया के बाद पहली पंक्ति वीआईपी, दूसरे तथा तीसरे पंक्ति



में सामान्य लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। जबकी इस वर्ष दर्शक दिर्घा की क्षेत्र लगभग 50 फिट का दायरा बढ़ा दिया गया है। इसके अलावे महोत्सव का लाईव प्रसार की व्यवस्था की जाएगी। ताकी लोगों को परेशानी नही हो। साथ ही महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम स्थल पर कैमरे लगाए जाएंगे। एक कैमरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को तथा दूसरा कैमरा दर्शकों की भीड़ को कवर करेगा। बाकी पांच कैमरा मंदिर के मुख्य द्वार, म्यूजियम, मां भद्रकाली मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर तथा बौद्ध स्तूप मंदिर के गर्भगृह में भी कैमरा लगाया जाएगा। उक्त कैमरो के माध्यम से लोग मंदिर की पूजा का लाइव प्रसारण भी देख पाएंगे। वहीं प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। वीवीआईपी के लिए कार्यक्रम स्थल से सटे बाई ओर, जबकी सामान्य के लिए कार्यक्रम स्थल से कुछ दूरी पर बाईं ओर प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। जबकि पत्रकारों के अलावे मंदिर प्रबंधन के सदस्य व पुजारियों के लिए शिव मंदिर के बगल से प्रवेस की तैयार की जा रही है। कार्यक्रम स्थल में ड्रोन कैमरा तथा सीसीटीवी से भी निगरानी करेगी। कार्यक्रम के दौरान मंच पर रेजर लाइट आकर्षक का केंद्र रहेगा। मंच स्थल पर जाने के लिए दो भव्य तोरण द्वार का निर्माण करवाया जा रहा है। दूसरी ओर मंच तैयार करने में रांची के कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं।

# गिरिडीह में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में किसानों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के लिए जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति द्वारा 5 दिवसीय वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम को जिला बागवानी कार्यालय के सहयोग से कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।14 फरवरी को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर जिला बागवानी अधिकारी वरुण कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पहले दिन के प्रशिक्षण में विजय कुमार, सुनील कुमार, लॉ कुमार सिन्हा और दिग्विजय कुमार बतौर प्रशिक्षक मौजूद रहे। इन विशेषज्ञों ने किसानों को बताया



कि मधुमक्खी पालन न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ाता है, बल्कि इससे किसानों को अतिरिक्त आय का भी अच्छा साधन मिल सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। प्रशिक्षकों ने किसानों को मधुमक्खियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके रखरखाव, शहद उत्पादन की तकनीक और मधुमक्खियों से जुड़े संभावित खतरों से बचने के उपायों की जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि कैसे मधुमक्खियां परागण में मदद करती हैं और इससे फसलों की उत्पादकता भी बढ़ती है।इस प्रशिक्षण से गिरिडीह जिले के किसानों को नई तकनीकों और वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से मधुमक्खी पालन में कुशलता हासिल करने का अवसर मिलेगा। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### बिहिया में निर्माणाधीन मंदिर में तोड़फोड़ से तनाव

# गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग

संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** डाहा पंचायत क्षेत्र के बिहिया गांव स्थित निमार्णाधीन मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। असामाजिक तत्वों द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा तोड़े जाने और मंदिर के पास लगे 11 झंडों को उखाड़ने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

स्थानीय निवासी शंकर यादव ने बताया कि जिस भूमि पर मंदिर का



निर्माण किया जा रहा है, वह विवादित है और मामला 28 दिसंबर 2021 से न्यायालय में लंबित है। उनका दावा है कि इस भूमि से जुड़ा सारा दस्तावेज उनके पास है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द भूमि की मापी कर विवाद का समाधान करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई बड़ी घटना न हो।

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

# भाई ने ही की बहन की हत्या, शव के टुकड़े कर छिपाया

संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक नाबालिग लड़की की हत्या उसके ही परिवारवालों ने कर दी। मामला तब सामने आया जब लड़की के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की गहन जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि लड़की की हत्या उसके ही भाई ने की थी और पिता ने शव को छिपाने में मदद की थी। पांच फरवरी 2025 को मरकच्चो थाना में लड़की के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई और खोजबीन शुरू हुई।



बारह फरवरी को पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट किनारे बालू में एक शव दफन मिला। शव की पहचान के लिए परिजनों को बुलाया गया, लेकिन उन्होंने पहचानने से इनकार कर दिया। इस इनकार ने पुलिस का शक और गहरा कर दिया। जब पुलिस ने मृतका के घर की जांच की, तो वहां हाल ही में सेप्टिक टैंक के नए निर्माण का पता चला। जब परिजनों से बार-बार पूछताछ की गई, तो वे अपने ही बयान में उलझने लगे और अंततः हत्या की सच्चाई सामने आ गई। मृतका के भाई ज्योतिष कुमार पाण्डेय ने स्वीकार किया कि उसकी बहन किसी युवक से बात करती थी, जिसे लेकर वह नाराज था।

उसने कई बार उसे डांटा और मना किया था, लेकिन जब उसने दो फरवरी को फिर से बहन को किसी से बात करते देखा, तो गुस्से में आकर दोपहर 12:30 बजे अकेले पाकर गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को घर के सेप्टिक टैंक में गाड़ दिया गया। जब पुलिस की जांच तेज हुई, तो दस और ग्यारह फरवरी की रात मृतका के पिता मदन पाण्डेय ने शव को सेप्टिक टैंक से निकालकर पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट किनारे ले जाकर गाड़ दिया। पहचान छुपाने के लिए सिर को धड़ से अलग कर दिया गया। पुलिस ने जांच के दौरान हत्या में प्रयुक्त साइकिल, बोरी, टांगी और सेप्टिक टैंक से मृतका के सिर के बाल बरामद किए हैं। इस मामले में मृतका के पिता मदन पाण्डेय 73 वर्ष, बड़ा भाई नितीश पाण्डेय 36 वर्ष और छोटा भाई ज्योतिष कुमार पाण्डेय 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। इस जघन्य हत्या के खुलासे में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनील कुमार सिंह के नेतृत्व में मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार, पु.नि. विनोद कुमार, विशाल कुमार सिंह, गोविंद कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# लावालौंग के कदहे गांव में जर्जर सड़क बड़ी दुर्घटनाओं को दे रही निमंत्रण

संवाददाता

**लावालौंग।** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से कदहे जाने वाली मुख्य सड़क की हालत बदतर हो चुकी है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। इस सड़क से कोलकोले, सिलदाग, मंधनियां और लावालौंग पंचायत के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि चारपहिया वाहन कभी सड़क पर तो कभी सड़क के किनारे झुककर चलने को मजबूर हैं। इस रास्ते से बच्चे विद्यालय जाते हैं, गर्भवती महिलाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचती हैं, लेकिन सड़क की दयनीय स्थिति के कारण लोगों को



भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय के पास स्थित होने के बावजूद इस सड़क की सुध नहीं ली जा रही है। कदहे निवासी राजेश गंझू ने बताया कि खासकर सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन इस सड़क पर दो-चार दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। बरसात के दिनों में तो यह सड़क पूरी तरह नदी और तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे राहगीरों का चलना मुश्किल हो जाता है। पिंटू रविदास, प्रमोद कुमार भोगता, आदित्य पासवान, कामेश्वर गंझू, सुकुल दास, उमेश दास और नरेश दास समेत कई ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर ने प्रवेश परीक्षा की तिथि की घोषणा की

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा प्रथम से छठी तक नामांकन हेतु पंजीकरण और प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्र ने मीडिया से बातचीत में बताया कि विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करा सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि प्रवेश परीक्षा 23 फरवरी 2025 को सुबह 8:30 बजे आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक दिशा-निर्देश समय पर विद्यार्थियों और अभिभावकों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इसके अलावा, कक्षा 11 वीं में भी विज्ञान और वाणिज्य संकाय में बालकों के लिए तथा विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय में बालिकाओं के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट १२५.ल्ल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन शुल्क ?600 निर्धारित किया गया है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उचित समय पर विद्यार्थियों को सूचित कर दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को समय से पंजीकरण और प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करें, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

### नागरिक समिति ने समाजसेवी शिक्षक चंद्रशेखर ठाकुर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**कतरास।** कतरास राजबाड़ी सामुदायिक भवन में कतरास नागरिक समिति और कतरास राजवाड़ी चेती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने कतरास के प्रसिद्ध सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह चंद्रशेखर ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता सुकुमार बनर्जी और संचालन मुकेश भट्ट ने किया। सभा में सभी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके साथ बिताए पल को याद कर सभी की आंखें नम हो गई। श्रद्धांजलि सभा में श्रीकांत चटर्जी, सुकुमार बैनर्जी, नित्यानंद दे, सच्चिदानंद उपाध्याय, बबलू दा, बिरेन दा, डॉ मधुमाला, गोपाल चटर्जी, बाबू दा, मुकेश भट्ट, गणेश मोदक, प्रशांत चटर्जी, रमेश सेन, तपन घोषाल, गोपाल राणा, निर्मल बनर्जी, मालू केवट, विमल झा आदि लोग उपस्थित थे।

### सीमेंट लदा एलपी ट्रक पलटा, चालक और खलासी की मौत



**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गई। रांची से हजारीबाग की ओर से आ रहे सीमेंट लदा एलपी ट्रक (सीजी 04एमएस 4977) अचानक घाटी में अनियंत्रित हो गई और घाटी के गढ़के मोड़ के पास आकर पलट गई। इस घटना में ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत अहिवारा, नंदनी नगर निवासी ट्रक मालिक सह चालक अजय कुमार जैन और खलासी रायपुर जिला अंतर्गत सरधू गांव निवासी प्रकाश वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी दोनों मृतकों के परिवार वालों को दी। चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कब तक एनएचएआई के अधिकारी नजर अंदाज करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने भी कई बार एनएचएआई के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में घाटी में हो रही दुर्घटनाओं पर सकारात्मक पहल करने का निर्देश देते हैं। लेकिन यह निर्देश सिर्फ बैठक तक ही सीमित रह जाती है। अगर डीसी निर्देश देने के अलावा एनएचएआई के अधिकारियों पर कड़े एक्शन लेते है तो निश्चित ही कुछ पहल हो सकता है। चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोक थाम को लेकर डीसी हर बार सड़क सुरक्षा की बैठक कर एनएचएआई के अधिकारियों को कई निर्देश देते है। इससे पूर्व 10 फरवरी को डीसी ने चुटूपालु घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घाटी में लगाई गई लाइट को नियमित रूप से कार्य करने को लेकर निर्देश दिए थे। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर साइन बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का भी निर्देश दिए थे। बावजूद इस और एनएचएआई ने सकारात्मक पहल नहीं करने पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

# नेताओं के इशारे पर लठैतों और रंगदारों के दम पर कंपनियां चलाने वालों को जवाब देना होगा : अरूप

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में आयोजित एक बड़ी जनसभा में निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने साफ शब्दों में कहा कि अब लठैतों और रंगदारों के दम पर कंपनियां नहीं चलने दी जाएंगी। यदि कंपनियों को यहां काम करना है, तो उन्हें रैयत ग्रामीणों के हक का सम्मान करना होगा और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देना होगा। खरखरी दुर्गा मंदिर प्रांगण में भाकपा माले और बीसीकेयू द्वारा आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि एक समय था जब कोलियरियों को लठैतों और रंगदारों के सहारे चलाया जाता था। रैयतों की जमीन जबरन कब्जा कर खनन किया जाता था और मजदूरों से कम पैसे में काम करवाया जाता था। लेकिन अब समय बदल गया है और यहां के लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि खरखरी हिलटॉप कंपनी की घटना सिर्फ बाघमारा तक सीमित नहीं रही, बल्कि इतनी बड़ी घटना घटी कि इसकी गूंज पूरे झारखंड से लेकर दिल्ली तक सुनाई दी। उन्होंने कहा कि अगर कंपनियां यहां काम करना चाहती हैं, तो उन्हें स्थानीय रैयतों का हक देना ही होगा। इस जनसभा से पहले भटमुड़ना से शेख रहीम के नेतृत्व में एक बड़ा मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा में शेख रहीम, हलधर महतो, देवाशीष चटर्जी, अजय महतो, गोपाल महतो, जे. के. झा, बलदेव वर्मा, शेरव नवाव, मुक्तेश्वर महतो, शेख अनवर, शेख मन्नान, याकूब अंसारी, राजेश महतो, कुलदीप महतो और सुभाष बाउरी सहित कई अन्य नेताओं ने भी अपनी बात रखी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अब कोयला खदानों में जबरन कब्जा करने और लूटखसोट करने की नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई कंपनी यहां काम करना चाहती है, तो उसे स्थानीय लोगों को उनका अधिकार देना होगा और बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे। सभा में यह संकल्प लिया गया कि मजदूरों, किसानों और रैयतों के हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा ।



### सुरेश सिंह हत्याकांड में फरार आरोपी शशि सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस फिर हुई सक्रिय

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में दबंग कोयला कारोबारी रहे सुरेश सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी शशि सिंह की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस एक बार फिर से सक्रिय हो गई है। एक दशक से अधिक समय से फरार चल रहे शशि सिंह पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस बार धनबाद पुलिस ने अपनी रणनीति बदलते हुए गिरफ्तारी की नई योजना बनाई है। पुलिस का यह एक्शन झरिया गोलीकांड के बाद तेज हुआ है, जिसमें विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय के बाहर हुई फायरिंग में भी शशि सिंह का नाम सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, धनबाद के एसएसपी ने इस मामले में एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है, जिसे शशि सिंह की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी दी गई है। धनबाद से लेकर यूपी के बलिया तक पुलिस लगातार दबिश दे रही है और उसके करीबियों की सूची तैयार कर उन पर नजर रखी जा रही है।



पुलिस का मानना है कि इस बार वह शशि सिंह को गिरफ्तार करने में सफल हो सकती है। यह मामला 7 दिसंबर 2011 का है, जब धनबाद क्लब में एक रिसेप्शन पार्टी के दौरान सुरेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शशि सिंह ने सुरेश सिंह के पास आकर उन पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली मारने के बाद शशि सिंह वहां से फरार हो गया था। इस घटना के बाद से वह पुलिस की पकड़ से दूर है और कई बार उसे पकड़ने के प्रयास किए गए, लेकिन हर बार वह बच निकलने में कामयाब रहा। इस बीच, धनबाद पुलिस के लिए यह मामला एक प्रतिष्ठा का विषय भी बन चुका है।

### पाटलीपुत्र अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब की स्थापना

## हृदय व मस्तिष्क रोगियों को मिलेगा बड़ा लाभ

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के जोडाफाटक स्थित पाटलीपुत्र अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब की स्थापना की गई है। अस्पताल के निर्देशक डॉ० निर्मल ड्रोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अस्पताल मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में अस्पताल में अब कैथ लैब की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे हृदय रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस नई सुविधा के माध्यम से हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज आधुनिक तकनीक से किया जाएगा। अस्पताल में अब एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर और अन्य हृदय संबंधी जटिल प्रक्रियाएँ भी की जा सकेंगी। इसके अलावा, इस कैथ लैब में ब्रेन एंजियोग्राफी और मस्तिष्क से जुड़ी कई अन्य गंभीर बीमारियों की भी जांच और इलाज संभव होगा। मरीजों को अब इस तरह की चिकित्सा के लिए अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे उनके समय और पैसों दोनों की बचत होगी।अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ० निखिल डोलिया ने बताया कि इस कैथ लैब में फीलिप्स की एडवांस तकनीक का उपयोग किया गया है। इस तकनीक के माध्यम से अस्पताल में लगभग सभी विभागों का इलाज किया जा सकेगा। धनबाद और आसपास के मरीजों को अब अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं अपने ही शहर में मिलने लगेंगी, जिससे उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस कैथ लैब का उद्घाटन 16 फरवरी 2025 को धनबाद के माननीय सांसद दुल्लु महतो और विशिष्ट अतिथि धनबाद के माननीय विधायक राज सिन्हा द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर कई प्रतिष्ठित डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल ने इस अवसर पर लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि अगर किसी व्यक्ति को छाती में भारीपन महसूस हो, दर्द हो या अत्यधिक पसीना आए, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे लक्षण हृदय रोग की ओर संकेत कर सकते हैं, इसलिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और इलाज से कई गंभीर स्थितियों को रोका जा सकता है।



## महाकुंभ में हिंदू जनजागृति समिति की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

### युवाओं में जागरूकता और भागीदारी की उत्सुकता

संवाददाता

**धनबाद/ प्रयागराज।** प्रयागराज के महाकुंभ पर्व में हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित ग्रंथ और फ्लेक्स फलक प्रदर्शनी युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी। इस प्रदर्शनी में हिंदू धर्म पर हो रहे आघात, हिंदू राष्ट्र की संकल्पना, धर्मशिक्षा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया, जिससे युवाओं में गहरी रुचि देखी गई। कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 6 में कैलासपुरी - भारद्वाज मार्ग चौराहे पर स्थित इस प्रदर्शनी को अब तक हजारों श्रद्धालु देख चुके हैं। महाकुंभ मेले में देशभर से आए हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों के युवाओं ने विशेष रूप से इस प्रदर्शनी का दौरा किया। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शनी के फ्लेक्स फलक की तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्रदर्शनी देखने के बाद श्रद्धालुओं ने ह्यजयतु जयतु हिंदूराष्ट्रम्ह्ण के नारों के साथ सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें भी लीं। प्रदर्शनी से प्रभावित होकर कई युवाओं ने समिति के धर्मकार्य में सक्रिय भागीदारी की इच्छा जताई और हिंदू राष्ट्र की मांग का समर्थन किया। प्रदर्शनी में रखी गई पुस्तकों में हिंदू राष्ट्र क्यों चाहिए? और हिंदू राष्ट्रः आक्षेप और खंडनको श्रद्धालुओं द्वारा विशेष रूप से पसंद किया गया। इसके अलावा, बांग्लादेश और कश्मीर में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों, हिंदू संतों की हत्याओं और लव जिहाद के यथार्थ को प्रस्तुत करने से हिंदू समाज में जागरूकता बढ़ती दिखी। श्रद्धालुओं ने इस प्रदर्शनी को अपने जिलों में भी आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। साथ ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण और धर्मशिक्षा वर्ग शुरू करने की तैयारियों में भाग लेने का उत्साह भी दिखाया।



### असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित किया निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर

संवाददाता

**धनबाद।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद द्वारा बोकारो जिले के दुग्दा पंचायत भवन में एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का समय पर निदान करना था। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की सीमित उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, यह पहल लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर में रक्तचाप, रैंडम ब्लड शुगर, नाड़ी दर, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इसके अतिरिक्त, कैंसर की प्रारंभिक पहचान के लिए विशेष स्क्रीनिंग व्यवस्था भी की गई थी, ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही इस बीमारी का पता लगाया जा सके और समय पर उपचार शुरू किया जा सके। इस स्वास्थ्य शिविर को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लिया और इस पहल की सराहना की। शिविर में मौजूद लोगों ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इस तरह के शिविरों की बेहद आवश्यकता है, क्योंकि यहां उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध नहीं होतीं। उन्होंने असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट से आग्रह किया कि भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता रहे, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। शिविर के दौरान असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी देना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट की सामाजिक प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना को दर्शाता है। इस पहल के माध्यम से ट्रस्ट ने जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास किया है।



कार्यक्रम

### आईआईटी ने पैन-इंडिया ने आईआईटी एफआईपीआई हैकथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

## पुरस्कार आईआईटी आईएसएम के छात्रों की नवाचार शीलता को दर्शाता

संवाददाता

**धनबाद।** नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के तहत फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पैन-इंडिया आईआईटी हैकथॉन में आईआईटी आईएसएम धनबाद की टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस सम्मान को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मंत्रालय के सचिव पंकज जैन ने विजेता टीम को प्रदान किया। इस टीम में सयांतिका थांदर एम.टेक, केमिकल, रिया जायसवाल एम.टेक, केमिकल, मोहम्मद फहीम बी.टेक, केमिकल और मोहम्मद मोदासिर अशरफ बी.टेक, केमिकल शामिल थे। आईआईटी आईएसएम धनबाद की इस टीम ने नाइट्रोजन-डोपेड मल्टीलेयर ग्राफीन नैनोपाउडर के कम लागत वाले उत्पादन की एक पेटेंट प्रक्रिया विकसित की, जिसे उड2 अवशोषण और रूपांतरण के लिए डिजाइन किया गया है। इस महत्वपूर्ण शोध को केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. एजाज अहमद के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। संस्थान के अनुसार, यह तकनीक बांस के पाउडर से विकसित की गई है, जिससे उन्नत ग्राफीन सामग्री तैयार होती है। यह प्रक्रिया पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ तकनीक का बेहतरीन उदाहरण है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। ग्राफीन नैनोपाउडर की विशेष छिद्रयुक्त स्तरित संरचना इसे उड2 को पकड़ने के लिए आदर्श बनाती है, जो वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरणीय अनुप्रयोगों में उपयोगी साबित हो सकती है। हैकथॉन का आयोजन कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण तथा लागत प्रभावी अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों, भंडारण प्रणाली और एकीकरण के विकास जैसे प्रमुख विषयों पर किया गया था। इस प्रतियोगिता में आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी मद्रास और आईआईटी रुड़की सहित देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों ने भाग लिया। आईआईटी आईएसएम धनबाद की टीम ने अपने नवीन समाधान से न केवल प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया, बल्कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान भी दिया। इस उपलब्धि पर बोलते हुए प्रो० एजाज अहमद ने कहा कि यह पुरस्कार आईआईटी आईएसएम धनबाद के छात्रों की नवाचार शीलता को दशार्ता है। उनका यह आविष्कार भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप है और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। आईआईटी आईएसएम धनबाद की यह सफलता संस्थान की तकनीकी नवाचार में उत्कृष्टता को और मजबूत करती है। उल्लेखनीय रूप से, 2024 में, संस्थान की एक अन्य टीम, एनर्जी नेक्सस ने स्विच एनर्जी अलायंस प्रतियोगिता में 31 देशों के प्रतिभागियों को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस तरह की वैश्विक और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आईआईटी आईएसएम धनबाद की निरंतर सफलता अनुसंधान-संचालित नवाचार और टिकाऊ समाधान के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है और ऊर्जा व पर्यावरण क्षेत्रों में इसकी अग्रणी भूमिका को मजबूत करती है।




### घरेलू विवाद में महिला ने खुद को मारी गोली, पति पुलिस की हिरासत में

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के गोमो हरिहरपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने घरेलू विवाद के चलते खुद को गोली मार ली। इस दर्दनाक घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल महिला को आनन-फानन में धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान प्रतिमा गुप्ता के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह घटना उस वक्त हुई जब प्रतिमा अपने पति रौनक गुप्ता और सास के साथ घर में थी। अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी और जब लोग पहुंचे तो देखा कि प्रतिमा गंभीर रूप से घायल पड़ी थी। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। इस घटना के बाद पुलिस ने मृतका के पति रौनक गुप्ता को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह आत्महत्या का मामला है या फिर किसी साजिश के तहत प्रतिमा की हत्या की गई है। खास बात यह है कि अब तक पुलिस को घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल बरामद नहीं हुई है, जिससे मामला और भी उलझ गया है। पड़ोसियों का कहना है कि इस परिवार में पहले कभी किसी तरह के विवाद की कोई खबर नहीं थी। ऐसे में अचानक इस तरह की घटना होना सबके लिए चौंकाने वाला है। पुलिस हर एंगल से इस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इस गोलीकांड के पीछे की असली वजह क्या थी।


## सुभाषितम्

**क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। - प्रेमचंद**

## क्या अब विपक्षी एकता कायम रहेगी?

राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इसलिए ही तो राजनीति को अनिश्चितता का खेल कहा जा सकता है। लेकिन जब राजनेता और राजनीतिक दल इस धारणा को तिलांजलि देते दिखाई देते हैं, तो उस अवस्था को अति आत्म विश्वास के भाव में व्यक्त किया जाता है। अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दुखद अध्याय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था, जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही व्यक्ति विजय प्राप्त करता है, शेष सभी पराजित ही होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपनी भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती। वैसे विपक्ष को इसकी आदत सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और ही था। वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित षड्यंत्र किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम ही है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है, स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाईश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, दूर की बात दिखती है। वर्तमान राजनीतिक स्थिति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसलिए राजनेताओं को बड़े बोल बोलने से हमेशा बचना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल यहां पर चूक गए। उन्होंने जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, वह उनके अहंकार का ही परिचायक कहा जा सकता है। अब केजरीवाल को स्वयं समझ जाना चाहिए कि व्यवहार ऐसा होना चाहिए, जो प्रिय लगे। कहा जाता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार ने कांग्रेस का बंटाधार करने का ही काम किया है। कहीं कहीं यह भी सत्य है कि कांग्रेस के अप्रिय व्यवहार के चलते ही इन क्षेत्रीय दलों का गठन हुआ। इसलिए यह क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ मिलकर आसानी से चुनाव लड़ेंगे, यह उचित प्रतीत नहीं होता। कई राज्यों में यह भी दिखाई दिया कि जिन क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस ने समझौता किया, उन राज्यों में कांग्रेस तो डूबी ही, साथ में साथ आने वाले दलों को भी डुबा दिया। कहीं कहीं कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज तक कहा गया। आज कांग्रेस की मजबूरी यह है कि उसे तिनके की जरूरत है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति में जो मामूली सुधार हुआ, उसका कारण क्षेत्रीय दलों का सहयोग ही था। उत्तरप्रदेश में अगर समाजवादी पार्टी का साथ नहीं होता तो कांग्रेस आज की स्थिति में भी नहीं होती। दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम आम आदमी पार्टी के विजयी रथ को रोकने वाला ही साबित हुआ। यह कहीं न कहीं विपक्षी एकता के सपने को चूर चूर करने वाला भी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अब विपक्षी एकता कायम रह पाएगी।

# राष्ट्रपति शासन : आखिर हार ही गये मोदी जी मणिपुर में



राकेश अंचल

शीर्षक पढ़कर चौंकिए मत ! मणिपुर में अभी न तो कोई चुनाव हुआ है और न होने की कोई संभावना है, फिर आप कहेंगे कि भाजपा कैसे हार गयी ? तो जबाब है कि भाजपा किसी विरोधी दल से नहीं हारी बल्कि अपने आप से हार गयी वो भी प्रदेश में नए मुख्यमंत्री का चुनाव करने के मुद्देपर हारी। भाजपा की मणिपुर में गठबंधन की सरकार थी, लेकिन मुख्यमंत्री वीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद भाजपा का अजेय नेतृत्व मणिपुर की सरकार को सम्हाल नहीं पाया। अब मणिपुर को देश कि नेताओं को दही शक़्कर खिलने वाली राष्ट्रपति कि नाम से चलने वाला शासन सम्हालेगा।

मणिपुर देश का वो बदनसीब सूबा है जो कुशासन कहिये या दुशासन की वजह से पिछले दो साल में जातीय हिंसा के जलते पूरी तरह बर्बाद हो गया है और इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा की डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है। जलते मणिपुर की आग बुझाने में न केवल राज्य की भाजपा सरकार नाकाम रही बल्कि केंद्र की भाजपा सरकार भी कुछ नहीं कर पायी। देश के प्रधानमंत्री ने पिछले दो साल में दर्जनों विदेश यात्राएं की किन्तु एक बार भी मणिपुर जाकर वहां की हिंसा रोकने की जहमत प्रधानमंत्री ने नहीं उठाई और नतीजा आपके सामने है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

भाजपा ने हाल ही में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में अखंड विजय हासिल की लेकिन एक पूर्वोत्तर राज्य का मुख्यमंत्री चुनने में भाजपा की मोशा जोड़ी हार गयी। जानकार बताते हैं कि मुख्यमंत्री को लेकर सहमति नहीं बनने के कारण राज्य में यह कदम उठाया गया। मणिपुर में विधानसभा का अंतिम सत्र 12 अगस्त 2024 को पूरा हुआ था और अगला सत्र छह महीने के अंदर बुलाया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। संविधान के अनुच्छेद 174(1) के मुताबिक विधानसभा के दो सत्रों के बीच छह महीने से ज्यादा का अंतर नहीं हो सकता है।

भारत में राष्ट्रपति शासन का इस्तेमाल एक ऐसे अमोघ अस्त्र के रूप में किया जाता है जो किसी भी निर्वाचित सरकार को अपदस्थ करने के लिए किया जाता है, खासतौर पर किसी विरोधी दल की सरकार को गिराने के लिए। भाजपा सरकारों ने अब तक तक इसका प्रयोग कुल 15 बार किया है, जिसमें 5 बार अटल बिहारी की सरकार ने और 10 बार वर्तमान मोदी की सरकार ने। देश में सबसे अधिक बार राष्ट्रपति शासन लगाने वाली कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी रही है। राष्ट्रपति शासन लगाना इंदिरा गांधी का प्रिय शगल था। लेकिन मजे की बात ये है कि हाल ही में राष्ट्रपति शासन लगाने को लेकर कांग्रेस पर हमलावर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को भी अपने तीसरे शासन काल के पहले साल में ही राष्ट्रपति शासन के हथियार का इस्तेमाल करना पड़ा और वो भी अपनी ही पार्टी की सरकार के खिलाफ। ये तो ठीक ऐसे ही हुआ जैसे कोई अपने ही कन्याभ्रूण की हत्या कर दे!



बहुत ज्यादा पुरानी बात नहीं है। अभी 10 फरवरी 2025 को ही संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष खासकर कांग्रेस पर जमकर बरसे थे। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा का जबाबा देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उनकी सरकारों ने चुनी हुई सरकारों को गिराने का सबसे ज्यादा काम किया। मोदी जी ने कहा, था - वो कौन लोग हैं जिन्होंने आर्टिकल 356 का दुरुपयोग किया?

एक प्रधानमंत्री ने आर्टिकल 356 का 50 बार दुरुपयोग किया और वो नाम है श्रीमती इंदिरा गांधी का। विपक्षी और क्षेत्रीय दलों की सरकारों को गिरा दिया गया। केरल में वामपंथी सरकार चुनी गई, जिसे नेहरू पसंद नहीं करते थे, उसे गिरा दिया गया। करुणानिधि जैसे दिग्गजों की सरकारें गिरा दी गईं। एनटीआर के साथ कांग्रेस ने क्या किया? प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी कहा कि कांग्रेस ने हर क्षेत्रीय नेता.को परेशान किया। 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया. कांग्रेस सरकार ने डीएमके और वामपंथी सरकारों को गिरा दिया।

सवाल ये है कि अब मोदी जी मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागो करने के बाद क्या भाषण देंगे? क्या वे अपनी आलोचना खुद कर सकेंगे, शायद नहीं। ऐसा करने की सामर्थ उनमें नहीं है। माना कि इंदिरा गाँधी ने जो अपराध किये वे अक्षम्य थेकिन्तु अब मोदी जी भी यही अपराध क्यों कर रहे हैं? मोदी जी ने तो अपनी ही पार्टी की सरकार को गिराया है ,क्या उन्हें अपनी ही सरकार से दुश्मनी थी? हैरानी की बात ये है कि 60 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के पास 37 विधायक और सहयोगी दलों के 11 विधायक हैं। बावजूद इसके राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। आपको याद होगा की वर्ष 2022 में मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार बनाई थी। 60 विधानसभा सीटों वाले राज्य की विधानसभा में बीजेपी ने 32, कांग्रेस ने 5 और अन्य ने 23 सीटों पर जीत दर्ज की थी। नतीजों के करीब पांच महीने बाद जनता दल यूनाइटेड के जीते हुए 6 में से 5 विधायकों ने बीजेपी ज्वाइन कर ली थी।

मेरा अपना आकलन है कि नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन में पहली बार पार्टी की अंदरूनी लड़ाई इस तरह से खुलकर सतह पर आई है. राष्ट्रपति शासन लगने के बाद मोदी की सख्त प्रशासक वाली छवि मिटटी में मिल गयी है। मणिपुर में डबल इंजन की सरकार के नारे की हवा निकल गई है। आप मानकर चलिए की मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद ज्यादा कुछ बदलने वाला नहीं है, क्योंकि पहले भी मणिपुर में सरकार तो केंद्र से ही चल रही थी। मजे की बात ये है कि देश में पहली बार अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने साल 1951 में किया था. इसे पंजाब में लगाया गया था, जिसे करीब एक साल तक जारी रखा गया था और आखरी बार राष्ट्रपति शासन नेहरू के कटटर विरोधी मोदी ने लगाया है। लगता है की मोदी हर मामले में नेहरू बनना चाहते हैं, लेकिन बन नहीं पा रहे हैं। हाय री किस्मत!

# वैलेंटाइन डे : प्यार के उत्सव का नया बाजार



हर्षवर्धन पाण्डे

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड हो गया है। आज जहां इजहार और इकरार करने के तौर- तरीके बदल गए हैं, वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। प्यार का यह उत्सव एक बड़े बाजार को गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक यह तेजी से फैल चुका है। वैलेंटाइन के सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह 'वैलेंटाइन' अथवा 'वलेंतिनस' नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्मगुरू थे। उन दिनों वहां क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया।

किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन ने क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक-युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फाँसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा 'वैलेंटाइन डे' मनाते हैं । 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए।



कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरम्यान हो गई। इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाइयों के प्रेम का प्रतीक मानें जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा 'फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन।' आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन।' 14 फरवरी के बहाने इस संत के नाम पर पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाने लगा।

आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सिर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलकें बिछाये बैठे रहते हैं। इसे प्यार के इजहार का दिन बताते हैं लेकिन युवक-युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे कि प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बांध सकते। वह तो प्यार को हंसी-मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज का प्यार नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं।

जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' का नाम से जाना जाता है। इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्व बढ़ गया है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक होती है। गिफ्ट सेंटर में उमड़ने वाली भीड़, चहल-पहल इस बात को बताने के लिए काफी है यह किस प्रकार युवाओं के दिलों में उतर चुका है।

यूं तो हमारी संस्कृति में प्रेम को परमात्मा का दूसरा रूप बताया गया है अतः प्रेम करना गुनाह और प्रेम का विरोधी होना सही नहीं होगा लेकिन वैलेंटाइन के नाम पर जिस तरह का पश्चिमपरस्ती का विस्तार हो रहा है वह सही नहीं है। वैसे भी यह प्रेम का तरीका भारतीय जीवन मूल्यों से मेल नहीं खाता। आज का वैलेंटाइन डे भारतीय काव्य शास्त्र में बताये गए मदनोत्सव का पश्चिमी संस्करण प्रतीत होता है। सवाल यह है कि क्या आप प्रेम जैसी चीज को एक दिन के लिए बांध सकते हैं? शायद नहीं। आज लोग प्यार के चक्कर में बर्बाद हो रहे हैं। हीर-रांझा, लैला-मजनूं, रोमियो-जूलियट के प्रसंगों का हवाला देने वाले हमारे आज के प्रेमी यह भूल जाते हैं कि मीरा वाला प्रेम सच्ची आत्मा से सम्बन्ध रखता था। आज प्यार बाहरी आकर्षण की चीज बनती जा रही है। प्यार को गिफ्ट और पॉकेट में तौला जाने लगा है। वैलेंटाइन के प्रेम में फंसने वाले कुछ युवा सफल तो कुछ असफल साबित होते है। जो असफल हो गए तो समझो बर्बाद हो गए क्योंकि यह प्रेम रूपी 'बग' बड़ा खतरनाक है। एक बार अगर इसकी जकड़ में आप आ गए तो भविष्य में भी पीछा नहीं छोड़ेगा।

वैलेंटाइन के नाम पर आज समाज में जिस तरह की उद्दंडता हो रही है, वह चिंतनीय है। संपन्न तबके साथ आज का मध्यम वर्ग और निम्न तबका इसके मकड़जाल में फंसकर अपना पैसा और समय दोनों खराब कर रहे हैं। आज वैलेंटाइन की स्टाइल बदल गई है। गुलाब गिफ्ट दिए, नशे में पार्टी में थिरके बिना काम नहीं चलता। यह मनाने के लिए आपकी जेब गर्म होनी चाहिए।

आज की युवा पीढ़ी को न तो प्रेम की गहराई का अहसास है न ही वह सच्चे प्रेम को परिभाषित कर सकती है। उनके लिए प्यार मौज-मस्ती और सैर-सपाटे का खेल बन गया है। जहाँ बाजार में प्यार नीलाम हो गया है और पूरे विश्व में इस दिन प्यार के नाम पर मुनाफे का बड़ा कारोबार किया जा रहा है ।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य पहली शर्त



अरुण कुमार दीक्षित

सौंदर्य आनंदित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य शब्द के स्थान पर रमणीय, शोभन और चारु शब्द आए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है। जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं तब सौंदर्य ही है। जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंद बन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उदीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां-झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हो तब वह सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। जब अथाह जलराशि पर शुभ्र ज्योत्स्ना नर्तन में हो सौंदर्य है। नदी समुद्र में जब लहरें उफान मारती मचलती हैं तब सौंदर्य है। जब फूल खिलते हैं, सौंदर्य ही है। जब अनायास कोई गीत आपके हृदय में उमड़ आए तब वह ऋचा रूप सौंदर्य है। पूर्णिमा और अमावस्या दोनों सौंदर्य हैं। एक तमस का सौंदर्य तो दूसरा दीप्ति का सौंदर्य है। ऋतुराज बसन्त ऋतुओं का सौंदर्य है।

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं- सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं, कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं। कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

यूनानी दार्शनिक अरस्तू का कहना है कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है। सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उसका मानना था कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तू ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी है। सौंदर्य मूल्य और कला के बारे में दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है। श्रीमद्भागवद गीता में सौंदर्य को सत्य कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है, आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। दसवें अध्याय का 41वां श्लोक।

रामचरितमानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) नील कमल और गम्भीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर मे करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। (पृष्ठ 182 बालकांड)। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है।

सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तस् का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता।

सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य (एम्पथी) पहली शर्त है। जब हम प्राकृतिक दृश्यों को देखते हैं तो केवल स्वयं एक सुखद अनुभूति में होते हैं। हम बगल में बैठे व्यक्ति का ध्यान सुंदर दृश्य की ओर खींचते हैं कि वह भी सौंदर्य का आनंद ले। सौंदर्य का व्यावहारिक पक्ष यही है कि प्रत्येक व्यक्ति सुंदर वस्तुओं से आकर्षित होता है। चाहे हंसता गुलाब, जूही-चम्पा, लीली और उस पर मंडराती तितलियां, रंगबिरंगी चिड़िया भौरें हों। मनोरम घाटियां, जगमग सितारे, भव्य पूर्णिमा के चांद का सौंदर्य आकर्षित करता हैं। प्रत्येक सुंदर वस्तु के दो पक्ष होते हैं- जड़ और चेतन। इंद्रियों से समझा जाने वाला रूप आकार और उसके माध्यम से अभिव्यक्त विचार, सौंदर्य अनुभूति, कला सृजन परस्पर संबंधित हैं। सौंदर्य शास्त्र का एक विषय के रूप में अध्ययन (स्टेथिक्स) कहलाता है। इसे स्वतंत्र विषय बनाने वाला 18वीं सदी का जर्मन दार्शनिक बामगार्टन था। भारत में सौंदर्य 'रस' रूप में देखा गया है।

सौंदर्य अनुभूति का सबसे सशक्त स्थल भरत मुनि ने रंगमंच को माना है, जहां प्रत्येक प्रेक्षक भाव विभोर होकर 'रस' अनुभूति करता है। जिन चीजों में आनंद आता है उन सुंदर चीजों को देखकर हृदय बार- बार उसी ओर आकर्षित हो जाता है। उसकी छाया पीछा करती है। गीत फूटने लगते हैं। यह भौतिक आनंद क्षणिक होता है। सौंदर्य विषय पर प्राचीनकाल से चिंतन मंथन है। कला शरीर है। सौंदर्य उसकी आत्मा है। सच्ची कला सौंदर्य का ही मूर्ति रूप होती है। कला बिना पढ़े समझ में आती है। प्राचीनकाल में मानव ने पर्वतों की गुफाओं में पशुओं सहित भिन्न प्रकार के चित्र उकेरे हैं। यह चित्र हमें उस पाषाण, पुरापाषाण काल की सूचनाएं देते हैं कि तब का मानव कैसा था। चित्र भाषा, मानव आत्मा की भाषा है। सौंदर्य का अस्तित्व भी इसलिए है कि दुनिया में कुरूपता भी है। यही कारण है कि सौंदर्य कुरूपता का परिष्कृत रूप है। गुण की पहचान अवगुण है। विशेष कर पश्चिमी देशों में सौंदर्य की प्रतियोगिताएं होती हैं। विश्व सुंदरी के चुनाव के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता होती है। ऊपर से कुरूप व्यक्ति तब सुंदर दिखाई देगा जब उसके कार्यों में शुभता और लोकमंगल हो। सौंदर्य अनुभूति अन्य अनुभूतियों से भिन्न है।

हम सब प्रथम सौंदर्य का दर्शन अपने अंतःकरण में हृदय और मानव चक्षुओं से करते हैं। सौंदर्य सापेक्ष होता है। किसी विशेष वस्तु के सौंदर्य के संबंध में कोई सर्वमान्य अधिकृत मत नहीं दिया जा सकता है। कला प्रकृति के सौंदर्य को प्रतिध्वनित करती है। समस्त कला में सौंदर्य तत्व और आनंद तत्व विद्यमान रहता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आज का राशिफल

**मेष** - व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष** - आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** - आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क** - व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**सिंह** - दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कन्या** - मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला** - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** - आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु** - धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मकर** - परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**कुंभ** - शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**मीन** - प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचना अच्छा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलवामा में शहीद हुए जवानों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग द्वारा परिसदन स्थित शहीद स्थल पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि आज के ही दिन जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों ने अपनी शहादत दी थी। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो जवान शहीद होते हैं, वे कभी मरते नहीं, बल्कि सदा के लिए अमर हो जाते हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, सेवा दल के अध्यक्ष गुड्डू सिंह, सहकारिता के जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, महासचिव दिलीप रवि, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, राजेश कुमार, सलीम रजा, अनिल भुइयां, असरफ अली, सदरुल होदा आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### कुंभ स्नान के लिए गए बादम निवासी कन्हैया लाल पांडेय की रेल दुर्घटना में हुई मौत



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम निवासी विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता 42 वर्षीय कन्हैया लाल पांडेय की सुल्तानपुर अंतर्गत बंधुवा कला थाना क्षेत्र में ट्रेन दुर्घटना में पैर कट जाने व गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण मौत हो गई। अंतिम संस्कार बनारस घाट में ही किया गया। ट्रेन दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण परिजनों ने उत्तर प्रदेश सरकार एवं रेलवे से मुआवजे की मांग की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को कन्हैया लाल पांडेय एवं उनकी टीम कुंभ स्नान करके अयोध्या के लिए जा रहे थे। सड़क पर काफी जाम होने के कारण स्थानीय पुलिस ने बस को वाराणसी की ओर जाने की अनुमति दी। 20 किलोमीटर निकलने के बाद रात्रि में विश्राम करने के लिए बंधुवा अंतर्गत बाबा ढाबा में बस रुकी। सभी श्रद्धालु शुक्रवार की सुबह लगभग 5:30 बजे शौच के लिए निकले। इस दौरान कन्हैया लाल पांडेय ने सुल्तानपुर अंतर्गत बंधुवा कला थाना के समीप रेलवे फाटक के किनारे शौच के लिए रेलवे क्रॉसिंग कर रहे थे, तभी अचानक से ट्रेन गुजरी और कन्हैयालाल पांडेय को टक्कर मार निकल गई। इस दरमियान उनका बाएं पैर कट गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से भोला दांगी, इंग्लेश सोनी, पिंटू गुप्ता, पिंटू सोनी, संतोष ठाकुर, प्रोफेसर लालदेव महतो ,दामोदर प्रसाद, दिनेश कुमार, रामचरित्र प्रसाद वासुदेव महतो , शुभम गुप्ता, रविंद्र लाल अलावा कई लोग शामिल हैं।

### घर-घर पहुंचाया जा रहा कानूनी जागरूकता अभियान

**हजारीबाग।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग द्वारा 90 दिवसीय डोर-टू-डोर कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सदर प्रखंड के कोर्रा हरिजन मोहल्ला, पासी टोला, जबरा और अन्य गांवों में संचालित किया जा रहा है। इसकी निगरानी डालसा सचिव गौरव खुराना द्वारा की जा रही है। इस अभियान में पीएलवी विकास कुमार पांडेय ने लोगों को घरेलू हिंसा, डायन-बिसाही प्रतिषेध अधिनियम, महिला उत्पीड़न, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान और साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी। साथ ही, हेल्पलाइन नंबर 15100 और 1930 की जानकारी भी साझा की गई।लोगों को यह बताया गया कि छोटे-मोटे विवादों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आपसी बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता है। डालसा के माध्यम से विवादों का निःशुल्क और त्वरित समाधान किया जाता है, और जरूरत पड़ने पर मुफ्त कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत और मासिक लोक अदालत के महत्व को भी समझाया गया, जिससे लोग कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर पीएलवी विकास कुमार पांडेय, दीपक कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### कैप्टन करमजीत सिंह के शहीद होने पर हजारीबाग चैंबर ने जताया शोक



**हजारीबाग।** भारतीय सेना के वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह की जम्मू के अखनूर में पेट्रोलिंग के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग के विस्फोट में शहादत पर हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। चैंबर के अध्यक्ष राजकुमार जैन टोंग्या, संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र लाल और सचिव विजय केसरी ने इस दुखद घटना को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। चैंबर ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि देश में आतंकवाद का जड़ से खात्मा किया जाए। पत्र में कहा गया कि भारत की आजादी के बाद से हजारों सैनिक जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा में शहीद हो चुके हैं, जिससे कई परिवार उजड़ गए हैं। अब समय आ गया है कि इस सिलसिले को रोका जाए। पत्र में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान लगातार आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत की अखंडता को चुनौती दे रहा है।

## हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान महादान है, जिससे अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है: सांसद

**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को इस शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने हेतु औपचारिक रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने





रक्तदान के महत्व और इस शिविर को सफल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। संस्था का लक्ष्य इस वर्ष 175 से 200 यूनिट रक्त संग्रह करना है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। पिछले वर्ष 2024 में संस्था ने रक्तदान शिविर के माध्यम से 130 यूनिट रक्त एकत्रित किया था, जिसे इस वर्ष और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग यूथ विंग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों से अपील की कि वे इस सामाजिक एवं मानवीय कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें। इस कार्यक्रम में सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास को भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संस्था ने उम्मीद जताई कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग इस पहल में सहभागी बनेंगे और इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदान शिविर को लेकर कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिससे हम किसी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं। हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक साबित होगा, हम हर वर्ष इस शिविर को और अधिक सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं सभी युवाओं और नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे इस महादान में भाग लें और अधिक से अधिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करें। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि पिछले वर्ष हमारे रक्तदान शिविर में 130 यूनिट रक्त एकत्र किया गया था और इस बार हमने इसे बढ़ाकर 175-200 यूनिट तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। यह तभी संभव होगा जब समाज के सभी वर्ग विशेषकर युवा इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे 3 मार्च को आयोजित इस शिविर में आएं और रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दें। इस मौके पर उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल एवं कार्यकारणी सदस्य गुंजन मद्धेशिया मौजूद रहे।

## पुलवामा के शहीदों को जदयू नेता राकेश गुप्ता ने दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क में समाजसेवी एवं जदयू नेता राकेश गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राकेश गुप्ता ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन धारण कर वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा, पुलवामा के शहीदों का सर्वोच्च बलिदान भारत कभी नहीं भूलेगा। उनका त्याग और समर्पण सदैव राष्ट्रप्रेम की ज्योति बनकर हमारे अंतस में प्रज्ज्वलित रहेगा। इस अवसर पर विनर डिफेंस अकादमी के कोच अनुज कुमार, कौशल कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने वीर शहीद अमर रहें,भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारों से शहीदों को नमन किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सांसद मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को वे बाघमारा के चिटाहीधाम में आयोजित महायज्ञ समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में विष्णुगढ़ के सातमील मोड़ पर मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा कार्यकताओं ने मनीष जायसवाल को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने कार्यकताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा, ₹भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, और इसका श्रेय कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण को जाता है। संगठन ही सर्वोपरि है, इसलिए सभी कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप काम करना चाहिए।₹कार्यक्रम में रविंद्र बरनवाल उर्फ दीपू भाई, अशोक मंडल, जयनाथ साव, सुखदेव मंडल, राकेश वर्मा, अनूप कसेरा, राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला, अरविंद लाहकार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद ने आश्वासन दिया कि इस बार हजारीबाग की रामनवमी झांकी ऐतिहासिक होगी और रामनवमी अखाड़ों को भी भरपूर सहयोग दिया जाएगा।

## सात दिवसीय शिविर में तीसरे दिन का आयोजन



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के आनंदा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन उत्साह और सामाजिक सेवा से भरा रहा। दिन की शुरूआत प्रभात फेरी से हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने योग और परेड का अभ्यास किया। स्वयंसेवकों को विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर टुकड़ियों में विभाजित किया गया, जिनमें से दो टुकड़ियों ने स्वच्छता अभियान चलाया और श्रमदान किया, जबकि एक अन्य टुकड़ी ने घर-घर जाकर महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आनंदा महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग के डॉ० विवेक, वाणिज्य विभाग के डॉ० बदल रक्षित, भौतिक विभाग के अमित कुमार और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० कृष्णा कुमार यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने से हुई। शैक्षणिक सत्र के दौरान डॉ० विवेक ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिया और बताया कि किसी भी युवा के लिए आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ० बादल रक्षित ने पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए बताया कि स्थानीय निवासियों की सहायता से अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित रखा जा सकता है।

## हजारीबाग यूथ विंग ने पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को हजारीबाग यूथ विंग द्वारा श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहीद स्मारक स्थल पर किया गया, जहां हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एकत्र होकर शहीदों को नमन किया। श्रद्धांजलि के दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं दीप प्रज्वलन कर शहीदों के अमर बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की वीरता, साहस और देशप्रेम को याद किया। उन्होंने कहा कि यह हमला भारत के लिए एक दुखद घटना थी, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा और राष्ट्र सेवा व देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्य गुंजन मद्धेशिया ने कहा कि हमें अपने वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। सभी ने एक स्वर में देश की सुरक्षा और शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए अपने प्रयास जारी रखने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद जवान अमर रहें के नारों के साथ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल, रोहित बजाज, गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, अभिषेक पांडे, प्रवेक जैन एवं रामनिवास शर्मा मौजूद रहे।

### मिशन हॉस्पिटल में 17 फरवरी से 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग के संत कोलंबस मिशन हॉस्पिटल में श्रीनिवास सर्वमंगल सोसाइटी के तत्वावधान में 17 और 18 फरवरी को 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय शिविर महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। इस स्वास्थ्य मेले में महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, बीपी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, दंत जांच, शुगर और हीमोग्लोबिन परीक्षण जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा, हेयर ट्रांसप्लांट और अन्य जांचों पर भारी छूट भी उपलब्ध होगी। संत कोलंबस मिशन हॉस्पिटल के संचालक डॉ० प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि महिलाएं अक्सर घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने के कारण अपनी सेहत की देखभाल नहीं कर पाती हैं, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा प्रदान करना है, ताकि बीमारियों की समय रहते पहचान और इलाज हो सके। महिलाएं इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की अधिक जानकारी के लिए 9430165926 और 9297993810 हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं।

## विधायक ने कौशल विकास भवन का किया शिलान्यास

# बड़कागांव विधानसभा को अव्वल बनाना ही हमारा उद्देश्य : रौशन लाल



**संवाददाता**

**बड़कागांव।** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बादम मे ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद से कौशल विकास केंद्र सह बहुद्देशीय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। इससे पहले ढोल नगाड़े के साथ भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा विधायक रौशन लाल चौधरी को शिलान्यास स्थल ले जाया गया, जहां पर फूल माला से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विधायक रौशन लाल चौधरी ने संवेदक को निर्देश दिया कि भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा खयाल रखा जाय। निर्भीक होकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। कहीं किसी तरह की परेशानी होगी तो मैं साथ खड़ा रहूंगा। आगे कहा कि मेरे विधायक बनने के बाद यह पहला विकास कार्य बादम पंचायत में हो रहा है ।हमारा एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में झारखंड में अव्वल विधानसभा बनाना। कार्यक्रम के अंत में पुलवामा हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों को एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रमुख टूकेश्वर महतो, सोहनलाल मेहता, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,त्रिवेणी महतो, सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# कुरहागढ़ा में बन रहे कब्रिस्तान विवाद बढ़ने के बाद बंद करा दिया काम

**संवाददाता**

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी के कुरहागढ़ा में सामुदायिक भवन के नाम पर दिए गए वन पट्टा की जमीन पर कल्याण विभाग कब्रिस्तान का निर्माण करा रही है। लाभुक समिति के माध्यम से इसका निर्माण कराया जा रहा है और इसकी प्राक्कलित राशि 21 लाख रुपए है। वन अधिनियम 2006 और 2012 के अनुसार वनपट्टा के जमीन का सार्वजनिक उपयोग किया जा सकता है। 14 प्रकार का निर्माण उस जमीन पर हो सकता है। इनमें विद्यालय, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल का मैदान, सरकारी कार्यालय , बैंक , डाकघर आदि है। परंतु किसी भी स्थिति में कब्रिस्तान का



निर्माण और कब्रिस्तान में सामुदायिक भवन नहीं बनाया जा सकता है। परंतु आदेश में फेरबदल कर कब्रिस्तान निर्माण का कार्य जोर शोर से प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण को लेकर कुरहागढ़ा में दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए हैं। कब्रिस्तान निर्माण और नियमों की अनदेखी कर किए जाने को लेकर 30 अगस्त 24 को भी ग्रामीणों ने भारी विरोध दर्ज कराया था। एसडीएम के पत्रांक 1525 के आलोक में जांच के बाद वन पट्टा की जमीन सामने आने के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया था। परंतु पिछले एक सप्ताह से फिर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे लेकर एक बार फिर तनाव हो गया है। निर्माण को लेकर उपायुक्त, एससी, एसडीएम और जिला कल्याण पदाधिकारी को पत्र देकर इस दिशा में सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि वन विभाग ने पत्रांक 4106 दिनांक 11 जुलाई 2024 को सामुदायिक भवन के लिए जमीन दिया था। वन भूमि की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर सुनियोजित तरीके से खेल करने का आरोप ग्रामीण अम्बिका यादव, नरेश यादव, मनोज राणा, अखिलेश यादव, महेंद्र पासवान, अशोक यादव आदि ने लगाया है। कहा है कि वन विभाग द्वारा कुरहागढ़ा में थाना संख्या 11 के प्लौट नंबर चार में 1.80 एकड़ जमीन सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए दी गई थी। वन अधिनियम का उल्लेख करते हुए इस बाबत वन विभाग ने स्पष्ट निदेश जारी किया था। कहीं भी नहीं कहा गया था कि इस वन पट्टा पर कब्रिस्तान का निर्माण किया जाएंगा। ज्ञात हो कि उपायुक्त को दिग्भ्रमित कर कब्रिस्तान और उसके चाहरदीवारी के लिए आदेश करा लिया गया।

कल्याण विभाग द्वारा इस मामले में उपायुक्त को दिग्भ्रमित करते हुए वन विभाग द्वारा जारी पत्र को कब्रिस्तान और उसमे सामुदायिक भवन बताकर पत्र जारी करा दिया गया। इसके बाद से विवाद बढ़ गया और इसी पत्र के आलोक में दुबारा सीओ और थाना प्रभारी को भी भ्रमित कर खेल किया जा रहा है। सनद रहे कि कल्याण विभाग ने पत्रांक 1143 के तहत आदेश जारी कर काम पर रोक लगाया था।

विवाद बढ़ने पर कल्याण विभाग ने जांच के बाद पत्रांक 1143 दिनांक 30 अगस्त को पत्र जारी कर लाभूक समिति को तत्काल काम रोकने का आदेश दिया था। इसके बाद से नया कोई आदेश कल्याण विभाग या अन्य के द्वारा नहीं किया गया है।

## हजारीबाग नेशनल स्कूल के बच्चों ने वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग न्यू एरिया स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में देश के लिए कुर्बान होने वाले शहीद जवानों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और पुलवामा हमले में शहीद जवानों को विद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्रों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया। इस अवसर पर छात्रों ने शहीदों के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके साहसिक कार्यों को अपने शब्दों में व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और पुलवामा हमले में शहीद जवानों का बलिदान हमारे देश की रक्षा के लिए था। हमें उनकी वीरता और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के वीर जवानों के कारण ही हम आज सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने वीर रस की कविता प्रस्तुत की और दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### हरैया पुलिस ने 70 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रो में मादक पदार्थ के तस्करो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान रक्सौल के हरैया थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने गुप्त सूचना पर सघन छापामारी करते हुए नेपाल सीमा से सटे तिलावे नदी के समीप से 70 किलो 26 ग्राम गांजा के साथ दो गांजा तस्करो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये तस्करो की पहचान हरैया थाना क्षेत्र के भलुआहा वार्ड नंबर 01 निवासी चोकट यादव के 32 वर्षीय पुत्र नंदू यादव व हरैया थाना क्षेत्र के भलुआहा निवासी स्व.रामध्यान यादव के 50 वर्षीय पुत्र चोकर यादव के रूप में हुई है।पुलिस उनके पास से बरामद मोबाइल के कॉल डिटेल व पूछताछ कर इनके लिंकेज को खंगालकर अग्रिम करवाई में जुटी है।

### एसएसबी ने शिविर लगाकर जरूरतमंदों का किया स्वास्थ्य जांच

**अररिया।** पुलवामा शहीद दिवस के मौके पर शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी 56वीं) वाहिनी की ओर से मुख्यालय में स्थित वाहिनी चिकित्सालय में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एसएसबी के चिकित्सकों ने आम जरूरतमंद ग्रामीणों का मुफ्त इलाज और चिकित्सीय परामर्श के साथ दवाएं दी।कमांडेंट सुरेन्द्र विक्रम के निर्देश पर आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसएसबी के चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।कमांडेंट चिकित्सक डॉ एच.के.शिंदे एवं संयुक्त चिकित्सालय बथनाहा के चिकित्सक डॉ राकेश कुमार भारतीय ने चिकित्सीय परामर्श के साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों के द्वारा विटामिन के प्रकार और उनकी शरीर में आवश्यकता के साथ श्रोत को लेकर लोगों को जागरूक किया।इसके अलावे ग्रामीणों से साफ सफाई और मोटे अनाज की उपयोगिता को लेकर भी जानकारी दी।मौके पर मरीजों का ब्लड प्रेशर,डायबिटीज टेस्ट भी किया गया।

### पुलवामा शहीद दिवस पर एसएसबी जवानों ने जरूरतमंदों के लिए दिया रक्त



**अररिया।** पुलवामा शहीद दिवस के मौके पर लायंस क्लब फारबिसंज की ओर से शुक्रवार को एसएसबी के बथनाहा स्थित 56वीं बटालियन कैंप में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे दर्जनों एसएसबी के जवानों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया।एसएसबी की ओर से दान किए गए रक्त को फारबिसगंज स्थित लायंस ब्लड सेंटर में जरूरतमंदों के लिए जमा किया जायेगा। एसएसबी कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम और लायंस क्लब ऑफ फारबिसगंज के चेयरपर्सन डॉ अजय कुमार सिंह के पहल पर रक्तदान शिविर लगाया गया।जिसमे बड़े उत्साह से एसएसबी जवानों ने रक्तदान के लिए सामने आए। मौके पर लायंस क्लब की ओर से रक्तवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ फारबिसगंज के अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल, लक्ष्मण शर्मा समेत एसएसबी के अधिकारी और लायंस क्लब के सदस्य मौजूद थे।

### 10वीं प्रणब रथ यात्रा और हर गुरु शंकर शिव शंभु का शताब्दी समारोह



**कोलकाता।** श्रीमत स्वामी प्रणवानंदजी महाराज की 130वीं जयंती के अवसर पर 10वीं प्रणब रथ यात्रा दक्षिण 24 परगना जिले के ढोलाहाट थाने के रवींद्र ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयोजित की गई। भारत सेवाश्रम संघ के ग्रामीण सेवा केंद्र मन्मथपुर प्रणब मंदिर के संचालन में यह रथ यात्रा आसपास के कई गांवों में निकाली गई। रथ के मुख्य देवता के रूप में स्वामी प्रणवानंद महाराज की पूजा की गई और सारथी के रूप में देवाधिदेव महादेव को दर्शाया गया। इस सुसज्जित और भव्य रथ यात्रा में बच्चों का ब्रतचारी प्रदर्शनए कराटे दलए महिला ढाकीए जनजातीय नृत्यए बंगाली और अंग्रेजी बैंडए कीर्तन दल और जीवंत देवताओं के रूप में सजे लोगों ने भाग लियाए जिससे माहौल बहुत उत्साहपूर्ण था। इस वर्ष तारक ब्रह्म सिद्ध शिव नाम ष्ॐ हरो गुरु शंकर शिव शंभुष् के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में 130 माताओं ने इस सिद्ध नाम की माला पहनकर रथ यात्रा में भाग लिया। रथ यात्रा के दौरान भक्तों और शिष्यों के साथ रास्ते के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और रथ और उसकी रस्सी को छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। रथ यात्रा की शुरूआत मन्मथपुर हिंदू मिलन मंदिर से हुई और यह बासतला बाजारए मनसा मंदिरए मन्मथपुर प्रणवानंद विद्यामंदिर से होकर मन्मथपुर प्रणब मंदिर तक लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तक चली।

### मुर्शिदाबाद में हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मुर्शिदाबाद के बालीग्राम में एक ईंट भट्ठे के पास छापेमारी कर एक व्यक्ति को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। यह ऑपरेशन गुरुवार रात को किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जैदुल शेख है। इनका घर चार लुआंगोलाए भगवानगोला पुलिस स्टेशन में स्थित है। उसके पास से 274 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी हेरोइन को भगबानगोला थाने के कालूखाली इलाके में बेचने के लिए ला रहा था।

### माहिला का अपमान, थाने में आरोप

**कोलकाता।** गडफा थाना क्षेत्र में एक महिला का अपमान करने का आरोप लगाया गया। महिला ने आरोप लगाया कि वह रविवार आधी रात के बाद अपने घर के सामने आवारा कुत्तों को खाना खिला रही थी। तभी दो लोग आए और उस पर अश्लील टिप्पणी करने लगे। विरोध में महिला ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया। कुछ दिनों बाद कुछ लोग आये और उसके घर में घुस आये। बलात्कार और एसिड हमले की धमकियां दी गईं। महिला ने गडफा थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी ने थाने में प्रतिशोध की शिकायत भी दर्ज कराई है।

## पीएम मोदी के भागलपुर आगमन को लेकर भाजपा की बैठक

संवाददाता



**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 फरवरी को भागलपुर आगमन के मद्देनजर शुक्रवार को भागलपुर के टाउन हॉल में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद, बिहार के मंत्री संतोष सिंह, जनक राम, सुरेन्द्र मेहता, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी और ललन मंडल के अलावा भागलपुर के आसपास के 13 जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष और कोर कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हवाई अड्डा मैदान में 24 फरवरी कोज्ञएक जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमें भागलपुर और आसपास के 13 जिलों के किसान सहित पांच लाख से अधिक लोग शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के लिए किसानों का कल्याण प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री हमेशा ही किसानों की चिंता करते हैं और वे भागलपुर में भी किसानों के हित की चर्चा करेंगे। इस प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रवक्ता प्रीति शेखर, भागलपुर के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार भी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त पूरे देश के किसानों के लिए जारी करेंगे और किसानों की समृद्धि और आमदनी को लेकर भी चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भागलपुर सहित पूरे बिहार में उत्साह का माहौल है। केंद्रीय बजट में बिहार को कई सौगातें दी गई हैं।

## पुलिस से दुर्व्यवहार मामले में शराब कारोबारी समेत तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में सुगौली थाना क्षेत्र के पंजीअरवा में पुलिस टीम के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले में पुलिस ने कारोबारी सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। बीते दिनो पंजिआरवा में शराब कारोबारी को पकड़ने गई पुलिस टीम के साथ शराब कारोबारी और उसके समर्थकों ने धक्का मुक्की और दुर्व्यवहार करते हुए शराब कारोबारी को छुड़ा लिया था। इसको लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें मुख्य अभियुक्त संजय पासवान के साथ राहुल पासवान और सिकरमन पासवान शामिल है। सुगौली थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी टीम में एसआई शम्भू साह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।उन्होंने बताया कि पियक्कड़ों और शराब कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस का छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## 90 लीटर नेपाली शराब के साथ सुपौल जिला निवासी गिरफ्तार



संवाददाता

**अररिया।** जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर नेपाल से तस्करी कर भारत ला रहे एक शराब तस्कर को 90 लीटर नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को मिले गुप्त सूचना पर भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार शराब तस्कर सुपौल जिला के बीरपुर थाना क्षेत्र के बनेलीपट्टी वार्ड संख्या छह का रहने वाला है।पुलिस ने शराब और हीरो सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पूर्व से ही इन पर बसमतिया थाना और बीरपुर थाना मद्य निषेध मामले में प्राथमिकी दर्ज है। बीरपुर थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

इस मामले में 585 लीटर शराब की बरामदगी की गई थी।वहीं बसमतिया थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।जिसमें इसके पास से 279 लीटर शराब की बरामदगी की गई थी। बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों मामलों में ये फरार थे। अन्य आपराधिक मामलों का पता लगाये जाने की बात थानाध्यक्ष ने कही।

## पशु कल्याण जागरुकता माह के तहत दुग्ध उत्पादन और ब्रीड प्रतियोगिता हुई आयोजित



संवाददाता

**फारबिसगंज/अररिया।** भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय भारत सरकार एवं पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार द्वारा मनाये जा रहे पशु कल्याण पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत आज टाउन हॉल अररिया में दुग्ध उत्पादकता एवं ब्रीड प्रतियोगिता तथा पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उन्नत नस्ल के पशुपालक को पुरस्कृत किया गया, जिसमें 1. वीरेंद्र कुमार, 2. विमल यादव 3. प्रमोद यादव शामिल हैं। उक्त कार्यशाला जिला पशुपालन पदाधिकारी अररिया डॉ राजीव कुमार सिंह, अररिया अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार साह सहित अररिया जिले के सभी पशु चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नरगाकोठी विद्यालय में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

संवाददाता



**भागलपुर।** गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के प्राथमिक खंड पूरनमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर नरगा कोठी चंपानगर भागलपुर में शुक्रवार को भैया, बहन एवं अभिभावकों द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र, प्रभारी प्रधानाचार्य ममता जायसवाल, निभा झा, कार्यक्रम प्रमुख अभिजीत आचार्य एवं अभिभावक प्रतिनिधि संजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने कहा कि आज के वर्तमान समय में सोशल मीडिया द्वारा बच्चों में भटकाव तेजी से आ रहा है।

हमारे भैया बहनों में संस्कार विकसित करने के लिए विद्या भारती के विद्यालय शिशु विद्या मंदिर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें यह कार्यक्रम मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया जा रहा है।शिशु मंदिर योजना के अंतर्गत ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते हैं जिसके माध्यम से भैया बहनों के अंदर भारतीय जीवन दर्शन और उसके संस्कार को निरूपित करना चाहते हैं। अभिभावक प्रतिनिधि संजीव कुमार ने कहा कि बच्चों को संस्कार एवं मानवता की शिक्षा मिलने से उनका सर्वांगीण विकास होगा। विद्या भारती के सभी विद्यालय में संस्कार एवं मानवता की शिक्षा दी जाती है। आज विद्यालय के कक्षा अरुण से पंचम तक के भैया बहनों द्वारा अपने माता-पिता को तिलक लगाकर पुष्प अर्पित कर एवं आरती कर उनसे आशीर्वाद लेकर मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। साथ ही विद्यालय में शिशु वाटिका स्तर के 12 व्यवस्था की प्रदर्शनी को अतिथि एवं अभिभावकों को दिखलाया गया। अंत में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल का आनंद भैया बहन, अभिभावक एवं विद्यालय के आचार्यों ने लिया। अरुण कक्षा के भैया सुशांत आचार्या द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

भैया बहनों द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर तुम ही हो माता-पिता तुम ही हो गीत एवं नृत्य कर सभी अभिभावक एवं मुख्य अतिथि का मन मोह लिया। मंच संचालन अभिजीत आचार्य द्वारा एवं परिचय शशि भूषण मिश्र आचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमरेश कुमार, अशोक कुमार मिश्र, संजीव कुमार, शशि भूषण मिश्र, अभिजीत आचार्य, आभाष कुमार, सुबोध झा, सुबोध ठाकुर, अमर ज्योति, संजीव ठाकुर, गोपाल प्रसाद सिंह, शशिकांत गुप्ता, सुप्रिया कुमारी, कविता पाठक, रेणु कुमारी, रीना कुमारी, लवली आचार्य, डीएलएड के प्रशिक्षु छात्राध्यापक एवं 250 अभिभावक उपस्थित थे।

## मुर्शिदाबाद के संकोपाडा हॉल्ट स्टेशन पर रेल अवरोध, ट्रेन सेवाएं बाधित

संवाददाता




**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के संकोपडा हॉल्ट स्टेशन पर हावड़ा.कटिहार एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव और कई अन्य मांगों को लेकर फरक्का रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रेल अबरोध के कारण शुक्रवार सुबह से मुर्शिदाबाद जिले के मालदा और हावड़ा डिवीजनों में ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एक घंटे तक चले रेल अवरोध के कारण मालदा और जंगीपुर जाने वाली कई यात्री ट्रेनें सुबह से ही विभिन्न स्टेशनों पर रुकी रहीं।
लगभग एक घंटे के अबरोध के बाद रेलवे अधिकारियों के आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने अपना विरोध कार्यक्रम वापस ले लिया। अबरोध हटने के बाद ट्रेनें एक.एक करके विभिन्न स्टेशनों से रवाना होने लगी। स्थानीय निवासियों और रेलवे एसोसिएशन ने धमकी दी है कि अगर अगले महीने के भीतर संकोपडा हॉल्ट स्टेशन पर अप और डाउन कटिहार एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं किया गया तो अप्रैल से बड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। फरक्का रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक शाहिदुल इस्लाम ने कहाए ष्रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारए मालदा डिवीजन में सबसे अधिक टिकट मुर्शिदाबाद के संकोपाडा हॉल्ट स्टेशन से बेचे जाते हैं। देशव्यापी लॉकडाउन शुरू होने से पहले कटिहार एक्सप्रेस का इस स्टेशन पर ठहराव कर रहाथा। ष्नई रेल सेवा शुरू होने के बादए रेलवे ने किसी अज्ञात कारण से अचानक उस स्टॉप को बंद कर दिया।
उन्होंने कहाए ष्वित्तीय वर्ष 2018.19 में अकेले संकोपडा हॉल्ट स्टेशन से कटिहार एक्सप्रेस के लिए 34 लाख रुपये के टिकट बेचे गए। मुर्शिदाबाद के फरक्काए शमसेरगंजए सुती और आसपास के कई इलाकों के लोग अपने काम के लिए मालदा हावड़ा कटिहार जाने के लिए इस ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। वे लंबे समय से बड़ी कठिनाई में हैं। कई बार मामला रेलवे अधिकारियों के ध्यान में लाने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इस ट्रेन का ठहराव शीघ्र ही संकोपडा हाल्ट स्टेशन पर कर दिया जाएगा। ष्स्थानीय निवासियों और हम सभी को रेलवे को अवरुद्ध करने के लिए मजबूर होना पड़ा है क्योंकि रेलवे विभाग ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं।
एडीआरएम मालदाद्ध शिव कुमार प्रसाद ने कहाए ष्फिलहाल इस स्टेशन पर केवल चार यात्री ट्रेनें रुकती हैं।

## हाईकोर्ट ने बर्दवान में आरएसएस की बैठक की अनुमति दिये, कई शर्तें पूरी करनी होंगी

संवाददाता

**कोलकाता।** उच्च न्यायालय ने बर्दवान के साईं कॉम्प्लेक्स में आरएसएस की बैठक की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। हालाँकिए अदालत ने कई शर्तें लगाई हैं। न्यायाधीश ने आदेश दिया कि बैठक 1 घंटे 15 मिनट के भीतर समाप्त कर दी जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए कि किसी भी परीक्षार्थी को कोई कठिनाई न हो। शोर सराबा को नियंत्रित करने के लिए उपाय किये जाने चाहिए। बैठक का संचालन यथासंभव कम शब्दों में किया जाना चाहिए। आयोजकों ने कहा कि लाउडस्पीकरों के स्थान पर ध्वनि बॉक्स का उपयोग किया जाएगा।
मोहन भागवत संगठनात्मक कमजोरियों का पता लगाने और समाधान खोजने के लिए राज्य के दौरे पर हैं। वह कुछ दिनों के लिए कोलकाता में रहेंगे। उनका बंगाल के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने



और संघ के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करने का भी कार्यक्रम है।

तय कार्यक्रम के अनुसार अगले रविवार को संघ का बर्दवान के साईं कॉम्प्लेक्स में कार्यक्रम है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के वहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की उम्मीद है। वह मध्य बंगाल में संघ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सकते हैं। संघ ने इस संबंध में जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है। हालांकि उप जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि जिस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगाए उसके ठीक सामने एक स्कूल है। माध्यमिक परीक्षाएं चल रही हैं।

## कोलकाता की अठारह वर्षीय युवती ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए लिया दीक्षा

संवाददाता



**कोलकाता।** वर्तमान समय में पूरी दुनिया में बौद्ध भिक्षुओं के साथ महिलाएं भी बुद्ध के प्रचार प्रसार में अथक प्रयास कर रही हैं। अब गौतम बुद्ध के आदर्शों से प्रेरित होकरए कोलकाता की 18 वर्षीय कॉलेज छात्रा श्रेष्ठा बड़ुआ ने दो अन्य महिलाओं के साथ त्रि.चीवर धारण कर बौद्ध धर्म के प्रचार और ब्रह्मचर्य का पालन करने का निर्णय लिया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर कोलकाता के टॉलीगंज संबोधि बुद्ध विहार में टॉलीगंज मूर एवेन्यू बुद्ध समिति की 75वीं वर्षगांठ पर डॉ. अरुणज्योति भिक्षु भंते ने उन्हें श्रामणी दीक्षा प्रदान की। इससे पहले बौद्ध भिक्षुओं के साथ कई लोग एक पदयात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर बुद्ध पूजाए संघदान और बौद्ध धर्म में महिला स्वतंत्रता अतीत और वर्तमानष् पर एक चर्चा सत्र का भी आयोजन हुआ। पश्चिम बंगाल के युवा कल्याण मंत्री अरूप विश्वास और कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में ताइवान से भिक्षुणियों ने भी हिस्सा लिया। डॉ. अरुणज्योति भिक्षु ने कहा कि गौतम बुद्ध ने पहले जाति धर्म वर्ण और लिंग के भेदभाव को मिटाकर महिलाओं के अधिकारों की स्थापना की थी। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने महिलाओं के लिए एक व्यवस्थित संघ और मिशनरी प्रणाली की स्थापना की। बौद्ध भिक्षु चूंकि ब्रह्मचर्य का पालन करते हैंए इसलिए भारत में अब तक भिक्षुणी संघ नहीं बनाया गया था ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## कोणार्क सूर्य मंदिर में देखने को नहीं मिला, वह मूर्ति मुर्शिदाबाद में है!

संवाददाता

**कोलकाता।** भारत के विभिन्न भागों में केवल मुट्ठी भर सूर्य मंदिर हैं। जिन मंदिरों में सूर्य भगवान की मूर्ति है उनकी संख्या और भी कम है। अधिकांश मंदिरों में सूर्य के प्रतीक या चित्र की पूजा की जाती है। यहां तक कि भारत के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर में भी सूर्य भगवान की कोई मूर्ति नहीं है।
यद्यपि कुछ शताब्दियों पहले मुर्शिदाबाद जिले के नवग्राम ब्लॉक के अमृतकुंडा गांव में सूर्य देव की मूर्ति और मंदिर स्थापित किया गया था लेकिन यह मंदिर गुमनामी में रह गया है। हालांकि हर साल हजारों पर्यटक हजारद्वारी पैलेस और नवाबों के अन्य अवशेषों को देखने के लिए मुर्शिदाबाद आते हैंए लेकिन उनमें से अधिकांश और यहां तक कि जिले के अधिकांश लोग भी यह नहीं जानते कि मुर्शिदाबाद में सूर्य भगवान की मूर्ति और उनका मंदिर कहां स्थित है।
अमृतकुंड सूर्य मंदिर के सेवायत सुमन चटर्जी ने कहाए श्हमने अपने पूर्वजों से सुना है कि द्वितीय चंद्रगुप्त राजा विक्रमादित्य ने इस मंदिर की स्थापना की थी। कई साल पहले इस इलाके से गुजरते समय उन्हें सपना आया कि गांव के श्देवपुकुरश में सूर्य भगवान की मूर्ति है। फिरए देवता के आदेश परए उन्होंने मूर्ति लाकर गांव में एक सुंदर पत्थर का मंदिर स्थापित किया। हालांकि समय के प्रभाव के कारण विक्रमादित्य द्वारा निर्मित मंदिर अब दिखाई नहीं देता। स्थानीय लोगों की मदद से तीस साल पहले एक और मंदिर का निर्माण किया गया था। जहाँ आज भी प्रतिदिन सूर्यदेव की पूजा की जाती है।

सुमन ने बतायाए ष्राजा विक्रमादित्य ने इस मंदिर में जो सूर्यदेव की मूर्ति स्थापित की थीए उसके चेहरे का एक छोटा सा हिस्सा कई साल पहले टूट गया था।ष् इसलिए हर साल श्रावण मास के आखिरी रविवार को इस मंदिर में सूर्य भगवान का अभिषेक किया जाता है और उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### वरीय अधिवक्ता रविशंकर अग्रवाल का निधन

**हजारीबाग।** हजारीबाग बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर अग्रवाल का गुरुवार को निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। रविशंकर अग्रवाल 1986 से बार एसोसिएशन से जुड़े थे और सेलटैक्स मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता थे। उनके निधन की खबर से हजारीबाग के अधिवक्ताओं और न्यायिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि शनिवार को बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अधिवक्ता दिवंगत रविशंकर अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके योगदान को याद करेंगे। शोक सभा के बाद अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से स्वयं को अलग रखेंगे।

### पूर्व सांसद टेकलाल महतो की 80 वीं जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर

**विष्णुगढ़।** गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जननायक टेकलाल महतो की 80 वीं जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर रमुवां स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मैदान में भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह के लिए बड़े टेंट और मंच का निर्माण किया गया है। शुक्रवार को मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने तैयारियों का निरीक्षण किया और आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस कार्यक्रम में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाकपा (माले) सहित इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं के पहुंचने की संभावना है। टेकलाल महतो झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण नाम थे। वे गरीबों और पिछड़ों की आवाज बनकर उभरे थे। उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए समर्थकों और राजनीतिक नेताओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

### सड़क निर्माण में घोटाला, घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर ग्रामीणों का विरोध



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चपरी मेलाटांड़ से मयूरमरी टोला तक बनाई जा रही सड़क निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई है। लाखों रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण कार्य पिछले एक साल से चल रहा है, लेकिन अब जब पीसीसी (प्लेन सीमेंट कंक्रीट) ढलाई का काम शुरू हुआ, तो ग्रामीणों ने उसमें भारी गड़बड़ी देखी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस सड़क निर्माण में घटिया सीमेंट और बालू की अधिक मात्रा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, 30 से 40 एमएम चिप्स मिलाकर सड़क बनाई जा रही है, जिससे इसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम पंचायत के पंसस प्रतिनिधि अनिल राम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रोक दिया और मांग की कि अभियंता की मौजूदगी में ही कार्य किया जाय। ग्रामीणों ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से अपील की है कि इस सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाय, ताकि यह सड़क टिकाऊ और लंबे समय तक उपयोगी बनी रहे।

### ग्रामीणों ने बैल चोर को रंगे हाथ पकड़ा

**चान्हो।** पतरातू पंचायत के कुरगा गांव में गुरुवार की शाम करीब 7 बजे ग्रामीणों ने एक चोर को बैल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।चोर के पकड़े जाने के बाद गांव में भीड़ जमा हो गई और ग्रामीणों ने उसे लात-घूंसों से जमकर पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इस दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया।ग्रामीणों ने चोर के भागने की आशंका को देखते हुए उसका पैर रस्सी से बांध दिया और तुरंत चान्हो थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले गई।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके फरार साथी की तलाश जारी है।

### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच ड्रेस व बैग किट का किया गया वितरण



**विश्रामपुर (पलामू)** । विश्रामपुर नप मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या - 2 में शुक्रवार को 35 बच्चों के बीच ड्रेस व बैग किट का वितरण किया गया.कीट मे पोशाक, जूता,मोजा,बैग व खिलौना शामिल था.बच्चों के बीच कीट का वितरण निवर्तमान पार्षद पूनम देवी व युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से किया.वितरण समारोह का संचालन सेविका उषा देवी ने किया.पूनम देवी ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेवारी है.विजय कुमार रवि ने कहा कि एक तरह के ड्रेस व बैग से बच्चों में एकरुपता आयेगी.मौके पर आनंद कुमार,पीकू राज सहित कई लोग मौजूद थे।

## जनता के बीच पहुंची पलामू प्रशासन, समस्याओं का किया निदान

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क की समस्या होगी दूर : डीसी



**संवाददाता**

**पलामू।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी आज बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया। उपायुक्त शशि रंजन द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनता दरबार लगाये जाने के इस सकारात्मक प्रयास का स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की? सराहना करते नजर आए। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने भी जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और उसका निदान किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली की समस्याओं को दूर करने संबंधी बातें रखी। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक गांव वासियों को निर्वाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निदेश दिया। वहीं ग्रामीणों ने सड़क की? समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क की? समस्या को दूर करने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र, उलमान 2 को गांव के सीमा क्षेत्र में बनने की बात उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के सीमा क्षेत्र में आंगनबाड़ी का भवन बन रहा है, इसा निर्माण गांव के बीच में कराया जाए, तो बच्चे ज्यादा लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने इसके लिए भरोसा दिया और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र उनके गांव के बीच में बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नशा को छोड़ने की अपील की। कहा कि नशा से उनका और उनके परिवार को समस्या होती है। नशा से ग्रामीण को ही नुकसान हो रहा है। सभी को नशा मुक्ति की जानकारी दी गई। जनता दरबार के तहत एक बच्चे को जलने की शिकायत मिली। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को बच्चे का तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

जनता दरबार के तहत पांच बच्चों का अन्नप्राशन एवं पांच महिलाओं की गोद भराई की रश्म पूरी की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिया गया। वहीं वृद्धजनों के बीच साड़ी-धोती एवं कंबल का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के बीच स्टेशनरी आदि प्रदान किए गए। एक दिव्यांग को व्हील चेयर प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से पोषण प्रदर्शनी लगाया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से जमीन की समस्याओं की भी जानकारी ली और उसका निदान का भरोसा दिया। पेंशन से संबंधित बातों पर उपायुक्त ने तत्काल पेंशन की प्रक्रिया करने का निदेश दिया।

ग्रामीणों द्वारा चुनहट वाटर फॉल को विकसित किए जाने की मांग को लेकर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने करीब 3 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल चलकर चुनहट वॉटर फॉल का दीदार किया। साथ ही क्षेत्र में सड़क की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने सड़क निर्माण का भरोसा दिया। साथ ही पर्यटन के दृष्टिकोण चुनहट वाटर फॉल को विकसित करने एवं यहां पर्यटकीय सुविधा बढ़ाने की बातें कही।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, एनडीसी विक्रम कुमार, चैनपुर के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के कर्मीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा से दुष्कर्म, नामजद एफआईआर दर्ज



**संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। यह घटना गुरुवार की बताई जा रही है। विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली छात्रा करीब सुबह 10:30 बजे तबीयत खराब होने और जन वितरण प्रणाली की ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने के बहाने अपने एक परिचित के साथ विद्यालय से बाहर गई थी। लेकिन जब अपराह्न करीब 2 बजे वह वापस लौटी, तो उसकी हालत बेहद खराब थी। छात्रा की स्थिति देख परिवार वालों और ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। जब परिजन विद्यालय पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि छात्रा नशे की हालत में थी, सहमी हुई थी और लगातार रो रही थी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। चूंकि छात्रा के माता-पिता जीवित नहीं हैं और उसकी बड़ी बहन बेंगलुरु में रहती है, ऐसे में यह मामला और गंभीर हो गया। ने विद्यालय के बाहर करीब आठ घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रशासन की ओर से प्रशिक्षु आईएएस सह छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीएसपी अवध कुमार यादव, डीईओ सौरव प्रकाश, बीडीओ बिनय कुमार और थाना प्रभारी नकुल शर्मा मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की।छात्रा की चाची की लिखित शिकायत पर पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी संख्या 9/2025 के तहत बीएनएस 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, छात्रा को सुल्तानी गांव निवासी रंजन कुमार सिंह ने अपनी स्कॉर्पियो बीआर 26 पीए 5359 से विद्यालय के बाहर छोड़ा और फिर फरार हो गया। दुष्कर्म की आशंका जताई गई है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छात्रा को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधि भी सक्रिय हो गए हैं। पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, रवि रौशन कुमार, प्रमोद कुमार रवि, सौरभ कुमार, अशोक सक्सेना सहित कई नेताओं और ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, लापरवाह गार्डों पर कार्रवाई करने और छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। डीएसपी अवध यादव ने कहा कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### गढ़वा में 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह, कल्पना सोरेन के आने की संभावना



**संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने जा रहे हैं। यह आयोजन दानरो नदी छठ घाट पर होगा, जहां भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकती हैं। इस संबंध में पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से चर्चा चल रही है और आज शाम तक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। विवाह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। यह सामूहिक विवाह समाज में एकता और सहयोग का संदेश देगा और गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा।

### अनुसूचित खतियानी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, न्याय की गुहार



**संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के उक्कामाड़ गांव की रहने वाली आशा देवी ने आरोप लगाया है कि उनके पूर्वजों की खतियानी भूमि पर गैर-अनुसूचित जाति के व्यक्ति द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। आशा देवी ने बताया कि खाता संख्या 169, प्लॉट संख्या 724, रकबा 27 डिसमिल भूमि उनकी रैयती जमीन है, जिसका खतियान और रसीद उनके दादा स्व. नान्हु भुइयां के नाम पर दर्ज है।उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2024 में ही उन्होंने लातेहार व्यवहार न्यायालय में भूमि के बंटवारे और अवैध निर्माण को रोकने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पांच महीने बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बीच, एक हिस्सेदार ने बिना किसी बंटवारे के उनकी पुश्तैनी जमीन गैर-अनुसूचित जाति के अनिल राम को बेच दी और जबरन कब्जा करवा दिया। जब आशा देवी ने इसका विरोध किया, तो उन्हें धमकियां दी गईं। उन्होंने इस मामले की लिखित शिकायत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दी है और उपायुक्त से मांग की है कि जब तक भूमि का सीमांकन और बंटवारा नहीं हो जाता, तब तक किसी भी तरह का निर्माण कार्य रोका जाय। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने अंचलाधिकारी से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर इस मामले की जांच की जाएगी और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रमना प्रखंड में विकास माली का भिक्षाटन अभियान

**संवाददाता**

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने रमना प्रखंड में भिक्षाटन अभियान चलाया। इस अभियान की शुरूआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अभियान के तहत 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए विभिन्न पंचायतों में जाकर सहयोग राशि जुटाई गई। इस दौरान ग्रामीणों को इस नेक कार्य में भागीदारी निभाने और विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस पहल के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने संपन्न वर्ग और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में सहयोग दें, ताकि 351 बेटियों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए किया जाएगा।इस अभियान में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली, रमना प्रमुख करुणा सोनी, मरवानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलिदाग मुखिया अनिता देवी, अजित सोनी, मंजर खान, मुकेश कुमार, रौशन कुमार, विकास तिवारी, विभूति पांडे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हवलदार छोटन राम का हार्ट अटैक से निधन



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** जैप 8 के हवलदार छोटन राम का हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे नौडीहा थाना अंतर्गत सरईडीह पिकेट में प्रतिनियुक्त थे। घटना 13 फरवरी 2025 की रात 1:00 बजे की है, जब वे पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा। तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जैसे ही उनके परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दी गई, वे सदर अस्पताल, डाल्टनगंज पहुंचे। वहां पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर पुलिस सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव डाला चोपन, उत्तर प्रदेश भेज दिया गया।पुलिस केंद्र, पलामू में हवलदार छोटन राम को सलामी और श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जैप-8 और पुलिस मेंस एसोसिएशन के कई अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक/साजेंट मेजर सुरेश राम, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, सचिव लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, अंकेक्षक सुनील कुमार, एमटी साजेंट विमल कुमार चंद्रवंशी, जीपी सर्जेंट मेरी खलखो, नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी, जैप-8 के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, अंकेक्षक सिकंदर कुमार, केंद्रीय सदस्य द्वारिका प्रसाद मनोज शर्मा, ओमप्रकाश, प्रदेश संयोजक जसवंत कुमार पांडे एवं अजीत कुमार शुक्ला, ए एसआई रूपेश कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** पांकी में अविनाश वर्मा का भव्य स्वागत ,कहा

# हम सरकार के उद्देश्यों को पूरा कर रहे हैं



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा का पांकी में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पांकी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा शिक्षा निकेतन स्कूल में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षाविद् और एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अविनाश वर्मा का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और एसोसिएशन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की सराहना की। सदस्यों ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और भविष्य में भी वे इसी तरह से शिक्षा जगत की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहेंगे। स्वागत से अभिभूत अविनाश वर्मा ने कहा कि एसोसिएशन से जुड़ने वाले सभी सदस्यों को मैं हृदय से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि पांकी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन को और अधिक मजबूती देने की जरूरत है, ताकि सभी स्कूलों को सरकार की ओर से मान्यता दिलाने और शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों को मिलकर छोटी-छोटी शिकायतों और मतभेदों को भुलाकर सामूहिक प्रयासों से शिक्षा जगत को आगे बढ़ाना चाहिए। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि क्षेत्र के और भी विद्यालयों को एसोसिएशन से जोड़ा जाए और निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एसोसिएशन की कमेटी का पुनर्गठन किया जाए। इससे सभी विद्यालयों को समान अवसर प्राप्त होंगे और शिक्षा क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचारों को साझा किया और यह निर्णय लिया गया कि अगले माह एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भविष्य की रणनीतियों पर विचार किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद सिंह, नारायण सिंह, प्रमोद पांडेय, विकास प्रजापति, राजू प्रसाद गुप्ता, राजन कुमार, नईमुद्दीन अंसारी, मनोज कुमार, अंकुश कुमार, आकाश वर्मा, प्रिंस तिवारी, डब्लू कुमार समेत कई शिक्षाविद और स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

### अबुआ आवास योजना में बड़ा घोटाला, अपात्रों को आवास, जरूरतमंद वंचित



**संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। केड़ और चुंगरु पंचायतों में योग्य लाभुकों को योजना से बाहर रखा गया, जबकि संपन्न और अपात्र लोगों को इस योजना का लाभ दे दिया गया। जांच में सामने आया कि कमलेश यादव नामक व्यक्ति को 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिला, उसके बाद उनके पुत्र संजीव कुमार यादव को भी आवास दे दिया गया। इतना ही नहीं, उनके छोटे पुत्र लालू यादव को भी 2024-25 में अबुआ आवास योजना का लाभ दे दिया गया। इस गड़बड़ी की सबसे बड़ी वजह यह है कि आवास आवंटन की सूची पंचायतों में सार्वजनिक नहीं की गई। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि पूरी सूची सार्वजनिक की जाए और अपात्र लाभुकों पर कार्रवाई हो।

हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन बोकारो, शनिवार 15 फरवरी 2025 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में अग्निपरीक्षा के लिए तैयार

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** वर्तमान में विश्व में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में अपने बहुप्रतीक्षित एफआईएच प्रो लीग 2024-25 अभियान की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेता हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय टीम 15 और 16 फरवरी को दुनिया की सातवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ दो रोमांचक मैचों के साथ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, इसके बाद 18 और 19 फरवरी को दुनिया की चौथे नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ जोरदार भिड़ंत होगी।



भारत का अभियान घरेलू मैदान पर शुरू होगा, जिससे टीम को अपनी हालिया लय दिखाने का बेहतरीन मौका मिलेगा। जर्मनी के साथ अपने मुकाबलों के बाद, भारत 21 और 22 फरवरी को आयरलैंड से भिड़ेगा

2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता साबित कर दी है। टीम को आखिरी बार अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान एक्शन में देखा गया था, जहां भारत ने पहले गेम में 2-0 की हार से वापसी करते हुए दूसरे गेम में मेहमान टीम को 5-3 से हराया था। हालांकि जर्मनी ने शूटआउट के जरिए सीरीज जीत ली, लेकिन प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन ने एफआईएच प्रो लीग के लिए भारत की तैयारियों में आत्मविश्वास बढ़ाया।

इससे पहले, भारत ने सितंबर में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, अपने सभी मैच जीते और एशिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की।

हरमनप्रीत सिंह के साथ उप कप्तान हार्दिक सिंह भी होंगे, जो अनुभवी और युवा प्रतिभा से भरी एक संतुलित टीम का नेतृत्व करेंगे। मनप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विवेक सागर प्रसाद जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी टीम की रीढ़ बनेंगे, जबकि अरिजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह जैसे उभरते सितारे लाइनअप में नई ऊर्जा और कौशल लाएंगे।

हरमनप्रीत ने अपने शुरूआती मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, टीम हाल ही में संपन्न हॉकी इंडिया लीग में कुछ शानदार प्रदर्शन करके तरोताजा हुई है।

मैं जुगराज को शीर्ष स्कोरर का पुरस्कार जीतते देखकर विशेष रूप से खुश हूं और यह भारतीय टीम के लिए अच्छा ही है क्योंकि हमारे ड्रैगफ्लिक में और अधिक ताकत है।

# अखिल भारतीय इंटर जोनल वेटलिफ्टिंग वूमेन चैंपियनशिप का हुआ आगाज

एजेंसी

**धर्मशाला।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही आल इंडिया इंटर जोनल वेटलिफ्टिंग वुमेन चैंपियनशिप का शुक्रवार को आगाज हुआ। चैंपियनशिप 14 से 17 फरवरी इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में चलेगी। चैंपियनशिप का शुभारंभ कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डा. राजीव भारद्वाज ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी सोरोखैबम बिंधारानी देवी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। चैंपियनशिप में देश भर के विभिन्न 78 यूनिवर्सिटीज के 320 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रही हैं। वहीं बतौर मुख्यातिथि सांसद डॉ



राजीव भारद्वाज ने कहा कि बेटियां आज देश को आगे ले जाने का कार्य कर रही हैं, तो इस कार्यक्रम में पहुंचकर मुझे भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सांसद ने कहा कि बिंधारानी से भी बहुत से खिलाड़ी प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल से मात्र मेडल ही नहीं जीतते हैं अपितु अनुशासन भी सीखते हैं, जोकि देश को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने गुरु के महत्व बताने के लिए महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य व उनके शिष्य अर्जुन व एकलव्य से सिख लेने की प्रेरणा की बात कही। सांसद ने कहा कि ये मात्र खेल आयोजन नहीं भारतीय महिला शक्ति का समागम है। डॉ भारद्वाज ने खिलाड़ियों को लगातार संघर्ष की राह पर चलते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान केंद्रीय विवि धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले वर्ष 2023 में पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप, वर्ष 2022 में खो-खो और नेटबॉल प्रतियोगिता का बेहतर ढंग से आयोजन करवाया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी केंद्रीय विश्वविद्यालय को आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के आयोजन का मौका मिला था, जिसे केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बखूबी निभाया था। इसके चलते ही एक बार फिर केंद्रीय विवि बड़े आयोजन का जिम्मा संभाल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वाराणसी में पहली बार डे नाइट दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच 16 से

**वाराणसी।** जिले में पहली बार डे नाइट दिव्यांग प्रीमियर लीग टी–20 नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी से सिगरा खेल स्टेडियम में किया गया है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी भाग लेंगे। ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में काशी वासियों को भी आमंत्रित किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. उत्तम ओझा के अनुसार प्रतिभागी टीमों के बीच मुकाबला दिन के साथ रात में भी खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में 06 टीमें शामिल होंगी। इसमें नार्थ, ईस्ट, साउथ, सेंट्रल और उत्तर प्रदेश की स्थानीय टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर पद्मश्री, मेजर ध्यानचंद्र पुरस्कार पाने वाली दिव्यांग खिलाड़ी डॉ. दीपा मेहता भी मौजूद रहेंगी। प्रतियोगिता में पहले और दूसरे दिन लीग के तीन-तीन मैच होंगे। तीसरे दिन नॉकआउट राउंड के आधार पर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा।

### नाथद्वारा में 10 मार्च से शुरू होगी 'ऑल टी20' एशियन लीजेंड्स लीग

**नई दिल्ली।** राजस्थान के नाथद्वारा में 10 मार्च से एशियन लीजेंड्स लीग ऑल टी20 का आगाज होगा। यह लीग 18 मार्च तक चलेगी, जिसमें एशिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज शामिल होंगे। भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा द्वारा समर्थित इस टी20 लीग में पांच टीमें हिस्सा लेंगी–इंडियन रॉयल्स, श्रीलंकाई लायंस, बांग्लादेश टाइगर्स, अफगानिस्तान पठान्स और रेस्ट ऑफ एशियन स्टार्स।लीग कमिश्नर चेतन शर्मा ने कहा, ऑल टी20 सिर्फ एक क्रिकेट लीग नहीं, बल्कि एशिया के दिग्गज खिलाड़ियों के पुनर्मिलन का एक मंच है। यह प्रशंसकों को एशिया के सर्वश्रेष्ठ पूर्व खिलाड़ियों को देश बनाम देश के मुकाबले में देखने का रोमांचक अवसर देगा।



लीग में खिलाड़ियों का चयन 15 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले ड्राफ्ट के जरिए किया जाएगा। इसमें केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही अपनी-अपनी टीमों के लिए चुने जाएंगे।

इस लीग में कुछ अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोच की भूमिका निभाएंगे–हर्शल गिब्स (बांग्लादेश टाइगर्स), शिवनारायण चंद्रपॉल (अफगानिस्तान पठान्स) और मार्वन अटापट्टू (एशियन स्टार्स) को कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।

टूर्नामेंट के सभी मैच राजस्थान के नाथद्वारा स्थित मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

लीग चरण के मुकाबले 10 से 14 मार्च तक होंगे, जिसके बाद प्लेऑफ और फाइनल खेले जाएंगे।

# फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैमः गुकेश ने खेला ड्रा, कार्लसन और नाकामुरा की शानदार जीत

एजेंसी

**हैम्बर्ग।** भारत के डी. गुकेश ने निराशाजनक स्थिति से वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर के अंतिम दौर के पहले गेम में फ्रांस के अलीरेजा फि रोजा के खिलाफ ड्रॉ खेला। अंतिम-आठ क्वालीफायर में सातवें स्थान के लिए संघर्ष कर रहे गुकेश ने पूरे गेम में बचाव किया और एक लंबे एंडगेम के बाद मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहे।




स्थानीय खिलाड़ी विंसेंट कीमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब कारुआना के पास बराबरी लाने का मौका होगा, जिसके लिए उन्हें टाईब्रेकर की जरूरत पड़ेगी।

दूसरी ओर, नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने उज्बेकिस्तान के जाइंट किलर जावोखिर सिंदारोव को मात देकर सेमीफाइनल में कीमर के खिलाफ अपनी हार को भुला दिया। 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में अब कार्लसन तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ खेलेंगे, जहां वे जीत के प्रबल दावेदार हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने भी काले मोहरों से जीत दर्ज की। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव के खिलाफ मुकाबले में बाजी पलट दी, जब स्थिति उनके पक्ष में नहीं लग रही थी। अब्दुस्सत्तोरोव ने छोटे टुकड़ों के खेल में जटिलताएं बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन इसका खामियाजा उन्हें हार के रूप में भुगतना पड़ा।

### परिणाम

विंसेंट कीमर (जर्मनी) ने फैबियानो कारुआना (यूएसए) को हराया।

नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव (उज्बेकिस्तान) हिकारू नाकामुरा (यूएसए) से हार गए।

अलीरेजा फि रोजा (फ्रांस) और डी. गुकेश (भारत) का मुकाबला ड्रॉ रहा।

जावोखिर सिंदारोव (उज्बेकिस्तान) मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) से हार गए।

टूर्नामेंट के अगले दौर में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है, जहां खिलाड़ी अंतिम जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों की मल्लखंब प्रतियोगिता संपन्न, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का दबदबा

एजेंसी

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के मल्लखंब इवेंट्स रोमांचक मुकाबलों और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ संपन्न हुए। प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष एथलीटों ने अपनी चपलता, ताकत और सटीकता का प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में कई पदक अपने नाम किए।

### पुरुषों की मल्लखंब प्रतियोगिताओं में रोमांचक मुकाबले

रोप फाइनल में मध्य प्रदेश के प्रणव कोरी और महाराष्ट्र के ऋषभ घबडे ने 8.70 के समान स्कोर के साथ स्वर्ण पदक साझा किया। वहीं, तमिलनाडु के एम. हेमाचंद्रन और महाराष्ट्र के श्रदुल वैशाली ने 8.60 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अर्जित किया।

पोल फाइनल में मध्य प्रदेश का दबदबा रहा। प्रणीत यादव ने 8.65 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी कुंदन एल. कछावा ने 8.50 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक तमिलनाडु के पी. रेड्डी, उत्तराखंड के वासु और महाराष्ट्र के दर्शन मिनियार ने 8.20 के समान स्कोर के साथ साझा किया।

हैंगिंग स्पर्धा में महाराष्ट्र के श्रदुल वैशाली ने 8.60 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके साथी सोहिल शेख ने 8.45 के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि मध्य प्रदेश के देवेंद्र पाटीदार और तमिलनाडु के एम. हेमाचंद्रन ने 8.40 के समान स्कोर के साथ कांस्य पदक साझा किया।

### महिला वर्ग में महाराष्ट्र का जलवा

पोल फाइनल में मध्य प्रदेश की अनुष्का नायक ने 8.40 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की रूपाली गंगावाने ने समान स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक महाराष्ट्र की जान्हवी जाधव और राजस्थान की रौनक राठौड़ को 8.30 के समान स्कोर के साथ मिला।

रोप फाइनल में महाराष्ट्र की जान्हवी जाधव ने 8.65 के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी टीम की साथी रूपाली गंगावाने ने 8.45 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

# हरियाणा ने नेटबॉल में जीता स्वर्ण



एजेंसी

**देहरादून।** यहां जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों में नेटबॉल (मिश्रित) स्पर्धा का रोमांच चरम पर रहा। कड़ी प्रतिस्पर्धा और शानदार प्रदर्शन के बीच हरियाणा ने फाइनल में उत्तराखंड को 39-33 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, उत्तराखंड को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### पूल मुकाबलों में दिखी जबरदस्त टक्कर

पूल ए में छत्तीसगढ़ ने दिल्ली को 39-24 से हराया, जबकि हरियाणा ने पुडुचेरी के खिलाफ 36-25 से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, पूल बी में तेलंगाना ने कर्नाटक को 26-22 से हराया, जबकि उत्तराखंड ने असम को 34-29 से मात दी।

### सेमीफाइनल में मिला कांटे का मुकाबला

पहले सेमीफाइनल में उत्तराखंड ने दमदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को 35 अंकों के अंतर से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में हरियाणा ने तेलंगाना को 38-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### कांस्य पदक के लिए मुकाबला रोमांचक

कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें मुकाबला 31-31 की बराबरी पर खत्म हुआ, और दोनों टीमों को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला।

### फाइनल में हरियाणा बना चैंपियन

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां हरियाणा और उत्तराखंड के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। हरियाणा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 39-33 से जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।इस पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों को रोमांचक पल देखने को मिले।

## व्यापार

# टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन यूके नाइटहुड से हुए सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए 'ब्रिटेन के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन)' सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को नाइटहुड 'मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर' के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।

टाटा समूह ने जारी एक बयान में कहा कि हमारे चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में योगदान के लिए चार्ल्स द्वारा मानद नाइटहुड प्राप्त करने पर बधाई। इस पुरस्कार पर समूह के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने सम्मान प्राप्त करने के बाद किंग चार्ल्स तृतीय को धन्यवाद दिया।

चंद्रशेखरन ने इस सम्मान पर जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं इस प्रतिष्ठित मान्यता से बहुत अभिभूत हूं, जिसके लिए मैं किंग चार्ल्स का आभारी हूं। मैं यह व्यक्त करना चाहूंगा कि टाटा समूह में हम प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता, आतिथ्य, इस्पात, रसायन और ऑटोमोटिव क्षेत्रों में यूके के साथ इतने मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखने पर कितना गर्व महसूस करते हैं।



उल्लेखनीय है कि चंद्रशेखरन टाटा संस बोर्ड के अध्यक्ष हैं। ये कंपनी 100 से ज्यादा टाटा ऑपरेटिंग कंपनियों की होल्डिंग कंपनी और प्रमोटर है। इसका कुल सालाना राजस्व 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चंद्रशेखरन अक्टूबर 2016 में टाटा संस के बोर्ड में शामिल हुए और जनवरी 2017 में उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चंद्रशेखरन अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित भारत के द्विपक्षीय व्यापार मंचों पर सक्रिय सदस्य हैं।

# लगातार आठवें दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 7.19 लाख करोड़ का नुकसान

## सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,043 अंक और निफ्टी 358 अंक तक टूट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिनभर उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार आठवें दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद पूरे दिन तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव बना रहा। शुक्रवार के दिन कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह मेटल, रियल्टी, ऑटोमोबाइल, आईटी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, टेक और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.59 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 3.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ शुक्रवार को कारोबार का अंत किया।शुक्रवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई।



बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 400.07 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 407.26 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.19 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,083 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

# सीसीपीए ने आईआईटी-जेईई पर लगाया 3 लाख का जुर्माना

## सीसीपीए ने आईआईटीपीके के विरूद्ध आदेश जारी किया है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) पर आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के लिए मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) के विरूद्ध आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि सीसीपीए ने अबतक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए हैं।

सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है, उन्हें भ्रामक विज्ञापनों का प्रकाशन न करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय के मुताबिक ये निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा के बारे में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। ये अंतिम आदेश केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है)।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- भगवान बुद्ध की शिक्षा में है पर्यावरण संकट का समाधान




**बैंकॉक।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज थाईलैंड में आयोजित संवाद कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर भगवान बुद्ध के संदेशों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया पर्यावरण संकट से घिरी हुई है। भगवान बुद्ध की शिक्षा में पर्यावरण संकट का समाधान है। उन्होंने कहा, 'पर्यावरण संकट और तनाव जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान भगवान बुद्ध के शिक्षाओं में मिलता है। उनका संयम का सिद्धांत आज वैश्विक चुनौतियों का सामने करने में हमारा मार्गदर्शन करता है। आज संघर्ष देशों और लोगों के बीच ही नहीं बल्कि इससे आगे बढ़कर पर्यावरण संकट तक पहुंच गए हैं। इससे हमारे ग्रह के लिए खतरा पैदा हो गया है। हिंदू धर्म बौद्ध धर्म और अन्य एशियाई परंपराएं हमें सिखाती हैं कि हमें खुद को पर्यावरण से अलग न देखकर उसी का हिस्सा मानना चाहिए।'

### पाकिस्तान से भेजी गई 30 किलोग्राम हेरोइन पंजाब पुलिस ने बरामद की



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर स्थित सीमावर्ती क्षेत्र से 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन पाकिस्तान से पंजाब भेजी गई थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने आज एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस साल नशीले पदार्थ की यह अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। पुलिस महानिदेशक यादव के अनुसार, हेरोइन की यह खेप पाकिस्तान से भेजे गए ड्रोन के जरिए घरिंडा थाना क्षेत्र में गिराई गई। मुखबिर की सूचना पर अमृतसर देहात पुलिस ने हेरोइन को बरामद कर एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किया गया यह व्यक्ति लंबे समय से इस काम में शामिल बताया गया है। इस काले कारोबार में और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में एक एफआईआर थाना घरिंडा में दर्ज की गई है।

### मोदी की अमेरिकी यात्रा से शशि थरूर गदगद



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा है कि यह बहुत बड़ी बात है कि श्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से आमंत्रण पाने वाले दुनिया के पहले नेताओं में शामिल हैं। श्री थरूर ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा, 'यह एक अच्छा संकेत है कि हमारे प्रधानमंत्री राष्ट्रपति ट्रंप से निमंत्रण प्राप्त करने वाले पहले विश्व नेताओं में से हैं। पहले यही सबसे महत्वपूर्ण बात है कि श्री मोदी निमंत्रण पाने वाले पहले नेताओं में हैं। अब हम सबको इस बात की प्रतीक्षा हैं कि श्री ट्रंप और श्री मोदी के बीच हुई मुलाकात में किन-किन मुद्दों पर चर्चा हुई है। दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होनी है और क्या विचार विमर्श इनमें हुआ उसका इंतजार सबको है। उन्होंने कहा कि भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार, वैद्य वीजा, आतंकवाद, यूक्रेन रूस समस्या जैसे कई मुद्दों के समाधान पर बात होनी है और दोनों नेताओं की मुलाकात में इन सब मुद्दों का क्या चर्चा हुई इसकी प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी का यह अमेरिकी दौरा भारत के लिए काफी खास माना जा रहा है। अब तक श्री मोदी और श्री ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो भी कहा वह बहुत उत्साहजनक है और इससे कुछ बड़ी चिंताओं का समाधान हुआ है।' अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी, व्यापार और शुल्क के सवाल पर उन्होंने गंभीर बातचीत करने का फैसला किया है, जो सितंबर-अक्टूबर तक समाप्त हो जाएगी।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट, 11 की मौत, चार मजदूर जख्मी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आज सुबह हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई और चार मजदूर घायल हो गए। बलूचिस्तान लंबे समय से अशांत है। सूबे की सीमाएं अफगानिस्तान से लगती हैं। पाकिस्तान आरोप लगाता रहता है कि अफगान आतंकी मुल्क में खूनखराबा कर अशांति फैला रहे हैं। द न्यूज इंटरनेशल समाचार पत्र ने अपने सहयोगी समाचार चैनल जियो न्यूज के हवाले यह खबर अपनी वेबसाइट पर दी है। द न्यूज के अनुसार यह विस्फोट हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

## उत्तर प्रदेश में एक हजार करोड़ के मार्गों की मांग पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी की मंजूरी

# दो वर्ष में उत्तर प्रदेश के रास्ते अमेरिका से भी अच्छे होंगे : नितिन गडकरी

एजेंसी

**लखनऊ।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश को लाखों करोड़ की सड़क देना चाहता हूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग पर लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश में एक हजार करोड़ के मार्गों की मंजूरी दे रहा हूं।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल, जंगल पर आधारित विकास करना और निवेश लाकर विकास करना, दोनों ही क्षेत्रों में विकास कार्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ गया है। मैंने एक वाक्य अपने आफिस में लिखकर रखा है, अमेरिका के रास्ते अच्छे हुए तो अमेरिका धनवान हुआ है। दो वर्ष में उत्तर प्रदेश के रास्ते अमेरिका से भी अच्छे होंगे। सुखी, समृद्ध उत्तर प्रदेश बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार और अपराध पर नियंत्रण कर रामराज्य स्थापित किया हुआ है।

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी लखनऊ में 1028 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं कानपुर लखनऊ हाइवे से आया हूं। एआई एमजीसी का उपयोग कानपुर लखनऊ हाइवे पर हुआ है। जल्द इसे पूरा कर उद्घाटन करेंगे। मैं गारंटी देता हूं कि दस वर्षों तक कानपुर लखनऊ हाइवे पर गड्ढा नहीं होगा।



गडकरी ने कहा कि आज मैने मुख्यमंत्री योगी के सामने बात रखी है कि वाराणसी से कलकत्ता, गोरखपुर से सिलीगुड़ी के लाखों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एक ही दिन करेंगे। इस देश में रुपयों की कमी नहीं है। ईमानदार नेताओं की कमी है। इस देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। यह देश बदल रहा है। उत्तर प्रदेश भी बदल रहा है।

केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने अपने उद्बोधन में उत्तर प्रदेश के लिए घोषणाएं करते हुए कहा कि प्रयागराज से वाराणसी तक के छह लेन के कार्य को जल्द शुरू कराया जाएगा। आगरा अलीगढ़ मार्ग, बदायूं बरेली मार्ग, रायबरेली जौनपुर मार्ग, बरेली बाईपास, गोंडा में फोरलेन सहित उत्तर प्रदेश और लखनऊ के लिए विशेष रूप से एक हजार करोड़ के मार्गों की मांग पर मंजूरी दे रहा हूं। इसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मांग पर नैनी पर सामानांतर एक पुल बनेगा। दूसरे पुल के लिए अभी विचार करूंगा। उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन को कार्यदायी संस्था भी बना रहा हूं। इन कार्यों को समय से पूरा कराने का घोषणा करा रहा हूं।

इसी तरह अयोध्या में पंचकोसी मार्ग, जनकपुरी नेपाल के लिए मार्ग का कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा। बौद्ध सर्किट के परियोजना को हमारी सरकार ने पूरा किया है। बौद्ध सर्किट के मार्गों को तैयार करने पर मुझे मलेशिया, सिंगापुर जैसे देशों से धन्यवाद संदेश आया है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में 440 करोड़ से बने दो फ्लाईओवरों का किया लोकार्पण

# अटल जी के बाद पीएम मोदी ने देश के ग्रामीण क्षेत्र का किया विकास : राजनाथ

एजेंसी

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सबसे पहले देश के ग्रामीण क्षेत्र के विकास की अगर किसी ने चिंता की तो वह हमारे प्रधानमंत्री रहे अटल जी ने की थी। वर्ष 2014 से 2024 तक मोदी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये से ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया है। आज भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब यह व्यवस्था कर दी है कि 12 लाख रुपये तक जिस किसी व्यक्ति की प्रति वर्ष आय है, उसे टैक्स नहीं देना होगा।

लखनऊ में विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित 1028 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में रक्षामंत्री सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जब भी लखनऊ आते हैं तो मैं कुछ मांगता हूं। आने वाले वक्त में भी लखनऊ के विकास के लिए मैं मांगने जा रहा हूं। आज लखनऊ के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज 440 करोड़ की लागत वाली दो फ्लाइओवरों का लोकार्पण भी किया गया है। ये दोनों फ्लाईओवर लखनऊ, सीतापुर और अयोध्या हाई-वे को जोड़ने का काम करेंगे। लखनऊ में बढ़ते वाहनों की संख्या को देखते हुए इन दोनों फ्लाईओवरों की आवश्यकता थी। पांच लाख रजिस्टर वाहनों की संख्या बढ़कर 29 लाख हो गयी है। इससे इस क्षेत्र में जाम की समस्या होने लगी। इन दोनों फ्लाईओवरों से जाम से निजात मिलेगी।



### लखनऊ की जनता को दी सौगात, 1028 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

केन्द्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में रक्षा मंत्री सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ की जनता को आज कई सौगात दीं। उन्होंने जाम से निजात दिलाने के लिए 04 लेन के दो फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इसमें 270 करोड़ की लागत से इंदिरा नगर सेक्टर 25-खुर्रमनगर-कल्याणपुर और 170 करोड़ की लागत से पॉलिटेक्निक-मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर का निर्माण हुआ है। इसके अलावा 588 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कुल मिलाकर 1028 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।

### वर्षों से प्रयागराज के लोगों की दबी हुई भावनाओं को नई दिशा मिली : आदित्यनाथ



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में जहां महाकुम्भ हो रहा है, वह डिफेंस की भूमि है। बीते आठ वर्षों में कुम्भ के जो आयोजन हुए हैं, वह आसानी से हुए हैं। स्वतंत्र भारत में 1947 से 2017 तक प्रयागराज में जहां श्रद्धालु नहीं पहुंच पाता था, वहां भी श्रद्धालु अब दर्शन करने प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। वर्षों से प्रयागराज के लोगों की दबी हुई भावनाओं एवं श्रद्धा को नई दिशा मिली है। 140 करोड़ आबादी में 50 करोड़ के करीब लोगों ने प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगायी है। प्रयागराज में टू लेन को सिक्स लेन से जोड़ने का प्रयास डबल इंजन की सरकार ने किया है। लखनऊ में विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित 440 करोड़ के दो फ्लाईओवरों के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की राजधानी को राजधानी के अनुरूप अत्याधुनिक बनाने और अटल जी के सपने को पूरा करने के लिए मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करता हूं। आज लखनऊ को एक हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास का कार्य दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के कर कमलों से पूरा हुआ है। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों का दिल से स्वागत करता हूं। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते है कि प्रयागराज में महाकुम्भ चल रहा है। 13 जनवरी से महाकुम्भ चल रहा है और अभी 14 फरवरी है, एक माह में संगम में डुबकी लगाकर भारतवासी एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देकर गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनाथ सिंह का आभारी हूं, न कि लखनऊ बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिए आपने अपना मार्गदर्शन हमें दिया है। डिफेंस कॉरिडोर को देने का कार्य आपने दिया है। कैपिटल के स्तर पर लखनऊ का विकास हो, ग्रीन कारिडोर का कार्य है, इंटरनेशनल कनविन्शन सेंटर हो या फिर इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यहां की जनसुविधा को लेकर रक्षामंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त होता है। लखनऊ अब अटल जी की भावनाओं के तहत आगे बढ़ रहा है।

### दक्षिण कोरिया में होटल के निर्माणाधीन हिस्से में आग लगी, छह की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में आज एक पांच सितारा होटल के निर्माणाधीन हिस्से में अचानक आग लग जाने से छह लोगों की मौत हो गई। जान बचाकर भागे कम से कम 14 लोगों को छत पर हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग की लपटों में घिरे करीब 100 लोगों को बचा लिया। 25 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, यह हादसा दक्षिण-पूर्वी शहर बुसान के गिजांग काउंटी में हुआ। बुसान दक्षिण कोरिया का सबसे बड़ा बंदरगाह नगर है। बुसान मेट्रोपॉलिटन सिटी फायर एंड डिजास्टर मुख्यालय के अनुसार, सुबह लगभग 10:51 बजे आग लगने की सूचना मिली। लगभग 20 मिनट बाद दमकल अधिकारियों और कर्मचारियों ने हेलीकॉप्टरों और अन्य संसाधनों का उपयोग करके आग बुझानी शुरू की। आग बुझाने के बाद अचेत मिले छह लोगों को बाहर लाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। होटल की निर्माण तीन इमारतों में से एक की पहली मंजिल में आग लगी। कुछ ही देर में लपटों ने ऊपर की मंजिल को घेर लिया। बुसान मेट्रोपॉलिटन सिटी फायर एंड डिजास्टर मुख्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि आग की विभीषिका को देखते 120 से अधिक दमकल गाड़ियों और 350 अग्निशमनकर्मियों को भेजा गया।

## तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दिलाने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद : फडणवीस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई हमलों के मास्टमाइंड तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित कराने में सफलता हासिल करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। फडणवीस ने आज केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में अपने राज्य महाराष्ट्र में नए आपराधिक कानूनों के अनुपालन की समीक्षा बैठक में भाग लिया।

गृह मंत्रालय में बैठक के बाद बाहर पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने को मंजूरी प्रदान कर दी है। वे इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा को महाराष्ट्र लाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की जेल में राणा को रखा जाएगा। हमने कसाब को भी अपनी जेलों में रखा और राणा को भी रख सकते हैं।

आज मंत्रालय में हुई बैठक के बारे में फडणवीस ने बताया कि इसमें तीन कानूनों के लागू किए जाने से जुड़ी संस्थागत और ढांचागत तैयारियों, अबतक नई धाराओं में दर्ज मामलों और उनकी प्रगति की समीक्षा की गई है। वहीं न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर आरबीआई की रोक पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं लेकिन आरबीआई ने एक नियामक होने के नाते जरूरी होने पर निर्णय लिया होगा।

# मध्य प्रदेश की पूनम गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन में लिए सात फेरे, राष्ट्रपति ने दिया आशीर्वाद

एजेंसी

**शिवपुरी/भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी की बेटी और सीआरपीएफ की असिस्टेंट कमांडेंट पूनम गुप्ता की शादी राष्ट्रपति भवन में हुई। उन्होंने अवनीश कुमार के साथ सात फेरे लेकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। शादी समारोह बुधवार की रात राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा कॉम्प्लेक्स में हुआ। खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया। गुरुवार को विदाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सीआरपीएफ की अधिकारी पूनम गुप्ता वर्तमान में राष्ट्रपति की पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) के रूप में तैनात हैं।



उनकी शादी राष्ट्रपति की विशेष अनुमति से राष्ट्रपति भवन में आयोजित की गई। इस समारोह में परिवार के करीबी सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रही। पूनम गुप्ता के पति अवनीश कुमार भी सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट हैं। वे जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

पूनम गुप्ता के पिता रघुवीर गुप्ता श्योपुर के नवोदय विद्यालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर रहे। वहीं, पूनम की मां किरण गुप्ता श्योपुर में शिक्षक हैं। पूनम के भाई दिव्यांशु गुप्ता एमबीबीएस करने के बाद दिल्ली से पीजी कर रहे हैं। पूनम ने अपनी बीएससी तक की पढ़ाई शिवपुरी में से की थी। पूनम का चयन यूपीएससी में हुआ था। जिसमें उन्होंने आर्मी को चुना था। बाद में उन्होंने दिल्ली सीआरपीएफ में ट्रेनिंग ली थी। पूनम ने 2021 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। पूनम गुप्ता की शैक्षणिक उपलब्धियों और देशसेवा का सफर प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने गणित में ग्रेजुएशन और इंग्लिश लिटरेचर में एमए किया है। साथ ही उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से बीएड भी किया। पूनम ने यूपीएससी सीआरपीएफ परीक्षा-2018 में 81वीं रैंक हासिल कर सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट का पद प्राप्त किया।

**निरी का शोध** गंगा जल का 12 वर्ष से अध्ययन करने वाली संस्था 'निरी' ने किया खुलासा

# गंगा नदी के जल में है स्वशुद्धिकरण की अद्वितीय क्षमता

एजेंसी

**नागपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान प्रतिदिन करोड़ों लोग पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर जल प्रदूषण और जल गुणवत्ता के मुद्दे पर खूब चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन राष्ट्रीय पर्यावरण प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (निरी) के शोध से गंगा के पानी में स्वयं शुद्ध करने वाला गुण होने प्रमाण मिला है। यही गुण गंगाजल की शुद्धता को बनाए रखता है। 'निरी' ने इस संबंध में अपनी एक रिपोर्ट महाकुंभ से पहले ही दिसंबर 2024 में केंद्र सरकार को सौंप दी थी।

दरअसल, 'निरी' की एक विशेष टीम पिछले 12 वर्ष से गोमुख और गंगासागर के बीच गंगा जल का अध्ययन कर रही है। इस शोध में पाया गया कि गंगाजल में कुछ विशेष गुणों के कारण स्वयं को शुद्ध रखने की क्षमता है। यदि गंगा जल को निरंतर बहने दिया जाए तो गंगा जल में मौजूद उच्च ऑक्सीजन सामग्री, तटों पर मौजूद वनस्पतियों से प्राप्त जल में घुलनशील टेरपीन, विशेष बैक्टीरियोफेज और गंगा के तल में मौजूद तलछट, इसके प्रवाह को कुछ ही किलोमीटर के भीतर गंगा जल को पुनः शुद्ध कर देते हैं। इस संबंध में निरी ने अपनी एक रिपोर्ट दिसंबर 2024 में ही केन्द्र सरकार को सौंप दी थी।




### गंगा का पानी स्वच्छ होने के चार मुख्य कारण

इस बारे में निरी की शोध टीम के प्रमुख डॉ. कृष्णा खैरनार ने बताया कि गंगा का पानी अन्य नदियों की तुलना में स्वच्छ होने के चार मुख्य कारण हैं। पहला कारण यह है कि गंगा के पानी में घुली ऑक्सीजन अन्य नदियों की तुलना में बहुत अधिक है। गंगा नदी हिमालय के अत्यंत ऊंचाई वाले तथा अत्यंत कम तापमान वाले क्षेत्र से होकर बहती है। अत्यंत कम तापमान के कारण गंगा जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है, नतीजतन गंगा का पानी शुद्ध रहता है। उन्होंने बताया कि दूसरा कारण यह है कि गंगा के किनारे के प्राकृतिक पौधे और पेड़ बड़ी मात्रा में 'टरपेन्स' उत्सर्जित करते हैं और यही टरपेन्स गंगा के पानी को शुद्ध रखते हैं। तीसरा महत्वपूर्ण कारण यह है कि गंगाजल में मौजूद 'बैक्टीरियोफेज' बैक्टीरिया का प्राकृतिक दुश्मन है और यह गंगाजल को बैक्टीरिया से मुक्त रखकर उसे शुद्ध करता है। डॉ खैरनार ने बताया कि गंगा जल की शुद्धता का एक और कारण यह है कि गंगा नदी के तल में मौजूद अति सूक्ष्म पत्थर, कंकड़ और कण (तलछट) बहते गंगा जल को शुद्ध करने के लिए छलनी की तरह काम करते हैं। जब गंगा का पानी बहता रहती है तो तलछट उसके पानी के वेग के साथ गतिमान रहती है और गंगा जल को शुद्ध करती है। उन्होंने बताया कि जहां गंगा के प्रवाह की गति कम हो जाती है, वहां तल पर मौजूद पत्थरों, कंकड़ों और तलछटों की गंगा के पानी को शुद्ध करने की क्षमता कम हो जाती है। इन सभी गुणों के कारण यद्यपि गंगा का जल मानवीय उपयोग और विभिन्न मानवी गतिविधियों के कारण प्रदूषित हो जाता है तथापि गंगा जल में थोड़ी दूर तक प्रवाहित होने वाले घुले हुए ऑक्सीजन, टेरपीन, बैक्टीरियोफेज और तलछट के कारण यह कुछ हद तक स्वयं शुद्ध हो जाता है।

### गंगा नदी को तीन भागों में बांटकर किया गया अध्ययन

डॉ खैरनार ने बताया कि निरी का यह अध्ययन 2510 किलोमीटर लंबी गंगा नदी को तीन भागों में बांटकर किया गया है। पहला भाग गोमुख से हरिद्वार तक, दूसरा हिस्सा हरिद्वार से पटना तक और तीसरा पटना से गंगा सागर तक है। कुल 155 घाटों से हजारों पानी के नमूने लिए गए। विभिन्न आईआईटी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और निरी जैसे अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों ने भी इस अध्ययन में सहयोग किया है। बतौर डॉ खैरनार निरी की टीम ने गंगा के साथ-साथ यमुना और नर्मदा के जल पर इसी प्रकार का अध्ययन किया है, लेकिन स्व-शुद्धिकरण के जो गुण गंगा में हैं, वह यमुना और नर्मदा में नहीं दिखाई दिए।

### मणिपुर की अखंडता बनी रहेगी : संबित

**इंफाल।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राज्य की क्षेत्रीय अखंडता बनी रहेगी। उन्होंने इस बात का आश्वासन देते हुए पार्टी की राज्य में शांति बहाली की प्रतिबद्धता को दोहराया और अवैध घुसपैठ को लेकर कड़ा संदेश दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा पर भाजपा के रुख को दोहराते हुए सांसद पात्रा ने कहा, 'मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी और सांसद पात्रा ने मणिपुर में स्थिरता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और किसी भी अवैध प्रवेश को सख्ती से रोका जाएगा।

